श्री गणेश सहस्रनाम

श्री गणेश सहस्रनाम

(हिन्दी अनुवाद सहित)

श्री गणेश कौन है ? दीपावली पर लक्ष्मी पूजन से पूर्व गणेश पूजन क्यों ? श्री गणेश के 1000 नामों की गणना अर्थात् गणेश नामावली और सहस्रनाम पाठ विधि, सर्वप्रथम पूजन क्यों ? गणेश तत्व व गणेश चतुर्थी आदि विविध रहस्यों सहित ।

संग्रहकर्ता एवं अनुवादक
पं. गोविन्द दत्त शर्मा

आहूजा प्रकाशन
गांधी नगर, दिल्ली-110031

प्रकाशक :

आहूजा प्रकाशन, दिल्ली-110031

विक्रय केन्द्र :

महाबीर मार्केट, दूसरी मंजिल

1529, नई सड़क, दिल्ली-110006

फोन : 23271214

प्रशासनिक कार्यालय :

623, रघुबरपुरा नं० 1, निकट कार्पोरेशन स्कूल,

गांधी नगर, दिल्ली-110031

फोन : 22079729 फैक्स : 22077351

मूल्य : 25.00

© सर्वाधिकार प्रकाशकाधीन

कम्प्यूटर ग्राफिक्स

फास्ट ट्रेक कम्प्यूटर सिस्टम ✆ 2201299

मुद्रक :

निवेदन,

जो सज्जन धर्म प्रचार हेतु पुस्तकें मन्दिरों तथा उत्सवों में बाँटना चाहें वह प्रकाशक से सम्पर्क करें ! उन्हें पुस्तकें लागत मात्र मूल्य पर दी जायेंगी ।

प्रकाशक

पाठकों का आह्वान

प्रिय पाठकों ! भारतीय संस्कृति आराधना प्रधान है । आस्तिकता यहाँ का आधार है । इस मूल तत्व को 'रुचीनां वैचित्र्यात' अनेक नामों और रूपों में अपने-अपने मन में प्रतिष्ठित करते हुए, क्रमशः अनेक जन्मार्जित अविद्या को मिटाते जाना । अपने मूल तत्व को जान लेना और 'जानत तुमहि तुमहि होइ जाई' की चरम उपलब्धि पा जाना ही जीवन की सफलता है ।

आराधना की ग्रन्थ राशि में गणेश पुराणान्तर्गत गणेश सहस्त्रनाम स्तोत्र हैं । इसके उच्चारण एवं पाठ से कल्याण परम्पराएँ जीवमात्र को प्राप्त होती हैं । इसका एक-एक श्लोक मन्त्र है । प्रत्येक श्लोक का जप होम होता है । सम्पूर्ण भारत इस सहस्त्रनाम द्वारा ओतप्रोत है, विशेषकर उत्तर भारत तथा महाराष्ट्र में यह घर-घर पाठ की वस्तु है । गणेश चतुर्थी व नवरात्रि आदि अर्चनावसरों पर भक्तजनों का यह परम अवलम्ब है ।

विधि-विधान पूर्वक श्री गणेश की आराधना एवं पूजन प्रकार का ज्ञान भलीभांति इस पुस्तक द्वारा हो सकता है ।

यह पुस्तक हिन्दी टीका सहित होने से गणेश आराधना करने वाले साधारण पाठकों, साधकों, गणेश तत्वान्वेषकों, पुरोहितों के लिए उपयोगी है । पूजन प्रयोग में सस्वर होने से सहस्त्र गणेश आदि के वैदिक तथा पौराणिक मन्त्रों का उल्लेख होने से विशिष्ट यज्ञ-यागादि कराने वाले वैदिक

कर्मकाण्डियों के लिए भी यह पुस्तक अत्यन्त उपयोगी है ।

इसका संशोधन-सम्पादन तथा अनुवाद कार्य भी विशेष सावधानी पूर्वक किया है फिर भी मानव-दोष से सम्भावित त्रुटियों के लिए क्षमा प्रार्थी हूँ । यह पुस्तक मैंने विशुद्ध संशोधन-सम्पादन एवं आकर्षक मुद्रण के साथ प्रकाशित की है ।

इसके सम्पादन में मुझे जिन ग्रन्थों से सहायता मिली है उन ग्रन्थ सम्पादकों एवं प्रकाशकों का भी मैं आभारी हूँ इसमें सम्मति प्रदान करने वाले विद्वानों सन्त-महात्माओं का भी मैं आभारी हूं । जिन्होंने इस पुस्तक की उपयोगिता को बढ़ाने में मुझे पूर्ण सहयोग दिया ।

अन्ततः मैं सभी सहयोगियों एवं बुर्जुगों के आशीर्वाद से यह कार्य पूर्ण कर सका हूँ । मैं यह भेंट समर्पित कर स्वयं को कृतज्ञ मानता हूँ ।

लेखक, संग्रहकर्ता एवं अनुवादक
पं. गोविन्द दत्त शर्मा

अनुक्रमणिका

विषय	पृष्ठ संख्या
श्री गणेश पूजन सर्वप्रथम क्यों ?	7
श्री गणेश पूजन का क्या कारण है ?	9
श्री गणेशजी का स्वरूप गजानन के रूप में ही क्यों ?	10
देवों के देव श्री गणेश जी परमात्मा स्वरूप हैं	12
श्री गणेश जी का परिवार परिचय	14
स्वास्तिक का क्या रहस्य है ?	17
दीपावली पर लक्ष्मी पूजन से पहले गणेश पूजन का क्या कारण है ?	19
श्री गणेश-पूजन विधि	20
श्री गणपति सहस्रनाम स्तोत्रम्	42
श्री गणपति सहस्रनामावली	121
गणेश चतुर्थी क्यों मनाई जाती है ?	142
गणेश चतुर्थी व्रत का फल	143
व्रत-उपवास की विधि	144
बारहमासी गणेश चौथ व्रत कथा	146
विघ्ननाशक गणपति स्तोत्र	160
पुत्र प्राप्ति के लिए गणपति स्तोत्र	161
लक्ष्मी प्राप्त करने के लिए गणपति स्तोत्र	162
श्री गणेश चालीसा	164
श्री गणेश जी की आरती	168

श्री गणेश पूजन सर्वप्रथम क्यों ?

श्री गणेश जी देवताओं में सर्वप्रथम पूजनीय हैं । इसके पीछे अनेक पौराणिक कथाएँ मिलती हैं । कहीं शिवजी ने ऐसा वर दिया है तो कहीं विष्णु भगवान ने ।

देवताओं में अग्रगण्य होने का वर उन्हें पिताश्री शंकर भगवान ही ने तो दिया है ।

एक बार देवताओं में परस्पर विचार-विमर्श हो रहा था कि सर्वप्रथम पूजा किसकी होनी चाहिए । सभी ने निश्चय किया कि ब्रह्माण्ड की परिक्रमा करके जो सबसे पहले लौटेगा उसी को सबसे पहले पूजनीय माना जाएगा । यह निश्चय होते ही सभी देवगण अपने-अपने वाहनों पर सवार होकर चल दिये । कोई भैंसे पर, कोई सिंह पर, कोई अश्व पर, कोई उल्लू पर तो कोई मोर पर । गणेश जी भी अपने चूहे पर सवार होकर चल दिये । उनके माता-पिता शिव-पार्वती कैलाश पर्वत पर विराजमान थे । गणेश जी वहीं पहुंचे और उनकी परिक्रमा करने लगे । जब देवता ब्रह्माण्ड की परिक्रमा करके लौटे तो गणेश जी को वहीं पर पहले से उपस्थित पाया ।

जब इसका रहस्य पूछा गया तो गणेश जी ने बताया कि मैंने तो महादेव शंकर जी और माँ पार्वती की परिक्रमा को ब्रह्माण्ड की परिक्रमा से बढ़कर माना है । भगवान शंकर ने इस बात का समर्थन किया और देवताओं ने भी इसे स्वीकार

कर लिया कि जब भी पूजा-पाठ या कोई भी अनुष्ठान हो तो गणेश जी की पूजा सर्वप्रथम की जायेगी ।

पुराणों में भी गणेश जी को विघ्न-विनाशक, मंगलदायक माना है । अतः सभी कार्यों व पूजा के समय उन्हीं की सर्वप्रथम पूजा की जाती है जिससे किये जाने वाले कार्य में कोई विघ्न न आ सके । बड़े-बड़े विद्वानों ने भी यह स्वीकार किया है । अतः गणेश पूजन सर्वप्रथम करना फलदायक है ।

श्री गणेश पूजन का क्या कारण है ?

'आद्यौ पूज्यो विनायकः'—इस उक्ति के अनुसार समस्त शुभ कार्यों के प्रारम्भ में गणेश जी की अग्र पूजा विशाल हिन्दू जाति में सुप्रसिद्ध और प्रचलित है। इसका बहुत ही सीधा-सादा संक्षिप्त उत्तर यही है कि भगवान श्री गणेश को प्रसन्न किये बिना कल्याण संभव नहीं। भले ही साधक के इष्टदेव भगवान विष्णु या भगवान शंकर या जगतपिता ब्रह्मा ही क्यों न हो। इन सभी देवी-देवताओं की उपासना की निर्विघ्न सम्पन्नता के लिए भी विघ्न-विनाशक श्री गणेश का पूजन स्मरण आवश्यक है। भगवान श्री गणेश की अद्भुत विशेषता यह है कि उनका स्मरण करते ही सब विघ्न बाधाएँ दूर हो जाती हैं। इसी कारण साधकजन प्रार्थना करते हैं—

वक्रतुण्ड महाकाय कोटि सूर्य समप्रभाः।
निर्विघ्न कुरु मे देव सर्वकार्येषु सर्वदाः॥

लोक-परलोक में सर्वत्र सफलता पाने का एकमात्र यही उपाय है। कार्य प्रारम्भ करने से पहले भगवान श्री गणेश का पूजन करना चाहिए।

श्री गणेशजी का स्वरूप गजानन के रूप में ही क्यों ?

श्री गणेश जी का स्वरूप गजानन के रूप में ही अधिकाशंतः प्रतिष्ठित है । हाथी जैसी सूँड, एक दाँत और चार हाथों वाला उनका रूप माना जाता है । भारत में अधिकांश हिन्दू इसी रूप में उनका ध्यान करते हैं । गणेशजी को पार्वती का पुत्र माना जाता है । उनके जन्म के संबंध में अनेक कथाएँ प्रचलित हैं । जैसे–ब्रह्मवैवर्त पुराण के अनुसार जब उनका जन्म हुआ था तो शनि की दृष्टि पड़ने से उनका सिर कट गया था, जिस पर भगवान विष्णु ने एक हाथी का सिर काटकर उस बालक के सिर के स्थान पर जोड़ दिया

था । उपरोक्त पुराण में ही उनके एकदन्त हो जाने का वर्णन है । एक बार परशुरामजी शिव-पार्वती के दर्शन हेतु पधारे । कैलाश पार्वत पर शिव-पार्वती सो रहे थे, बाहर गणेश जी विराजमान थे । गणेश जी ने परशुरामजी को अन्दर जाने से रोक दिया । इस पर परशुराम जी को क्रोध आ गया और उन्होंने अपने फरसे से उनका दाँत काट डाला । तभी से वे एकदन्त हैं ।

अनेक देशों और अनेक धर्मों में गणेश जी को प्रथम पूज्य देवता माना जाता है । विवाह, भवन मुहूर्त आदि प्रत्येक मांगलिक कार्य में सर्वप्रथम गणपति पूजन करते हैं चाहे व्यक्ति किसी भी धर्म से सम्बन्धित हो । बौद्ध धर्म में श्वेत हाथी को पवित्र और पूजनीय माना जाता है । शैव, शाक्त, वैष्णव सभी सम्प्रदायों के हिन्दू सर्वप्रथम गणेश वंदना करते हैं । बर्मा, जावा, सुमात्रा, नेपाल, तिब्बत, चीन, भूटान, लंका, मारीशस में भी भगवान श्री गणेश जी की पूजा की जाती है ।

भगवान श्री गणेश की सवारी 'चूहा' माना जाता है । उनका प्रिय भोजन लड्डू है । उनको लड्डू का ही भोग लगाया जाता है ।

गणेश जी ऐसे देवता माने जाते हैं जो सभी कल्पों में उत्पन्न होते रहते हैं । प्रत्येक बार उनका जन्म भिन्न-भिन्न प्रकार से हुआ है । पुराणों में गणेशजी के जन्म के सम्बन्ध में अनेक कथाएँ प्रचलित हैं । प्रत्येक युग में गणेश जी देवताओं में अग्रगण्य रहे हैं और सबसे पहले पूजा की जाती है ।

देवों के देव श्री गणेश जी परमात्मा स्वरूप हैं

गणेश शब्द का सन्धि विच्छेद करने पर गण-ईश दो शब्द होते हैं ।

गण शब्द का अर्थ है समूह और ईश का अर्थ है स्वामी ! अर्थात् गण का स्वामी । 'गण' है देवगण, देवताओं के सेवक । इसके अतिरिक्त गण के दो अक्षर 'ग' और 'ण' है जिनका विश्लेषण इस प्रकार किया जा सकता है–'ग' ज्ञानार्थ वाचक और 'ण' निर्वाण वाचक है अर्थात् गणेश ज्ञान और निर्वाण के स्वामी हैं । यह परब्रह्म परमात्मा का पर्याय होता है ।

गणेश पुराण के अवलोकन से स्पष्ट होता है कि गणेश परमात्मा स्वरूप हैं । उन्हीं से सम्पूर्ण जगत् की उत्पत्ति हुई है । आदि मूल परमेश्वर का ही एक रूप श्री गणेश हैं । श्री गणेश के जन्म कथानकों के आधार पर भी उन्हें देवों का देव गणपति कहा जाता है ।

वेदमन्त्रों में ॐ शब्द महत्वपूर्ण है । ओ३म् का अर्थ है सच्चिदानन्द का विकसित रूप । सभी मन्त्रों में यह आदि अक्षर है । मूल शब्द ब्रह्म रूप है । गणेश की मूर्ति की रचना भी ॐ से हुई है ।

ॐ में प्रथम भाग उदर, मध्य भाग शुण्डाकार दण्ड, अर्धचन्द्र दन्त और बिन्दु मोदक का प्रतीक है । गणेश जी

की मूर्ति में जब ध्यान लगाते हैं तो मूर्ति का आनन हमें ॐ के आकार का लगेगा ।

वेदमन्त्रों में गणेश जी को गणपति कहा गया है । गण हमारी रजोगुणी, तमोगुणी और सतोगुणी वृत्तियों का समूह भी है । इन सबके स्वामी श्री गणेश जी ही हैं ।

इसी प्रकार गणेश जी गुणीश हैं । वे सब गुणों के ईश हैं । ईश्वर अपने गुण, ज्ञान और आनन्द के स्वरूप हैं । इन्हीं गुणों के ईश गणेश हैं । अतः साक्षात् ईश्वर हैं ।

समस्त दृश्य-अदृश्य विश्व का वाचक 'ग' तथा 'ण' अक्षर द्वारा जितना मन, वाणी और तत्व रहित जगत् है, सबका ज्ञान मन और वाणी द्वारा होता है । उसके स्वामी होने से गणेश जी सब देवों के देव हैं । देवों में अग्रगण्य हैं ।

गणेश जी ब्रह्म स्वरूप हैं । इसे निम्न उदाहरण से स्पष्ट किया जा सकता है–

श्री गणेश जी की आकृति की जो कल्पना की गई है या उनका जो रूप पुराणों में दिया गया है उसके अनुसार उनका मुख गज के समान है । अतः उन्हें गजानन, गजपति कहते हैं । कंठ के नीचे का भाग मनुष्य जैसा है । इस प्रकार उनके शरीर में हाथी और मानव का सम्मिश्रण है ।

गज साक्षात् ब्रह्मा को कहते हैं योग द्वारा जब मुनि अन्तिम योगांग-समाधि को सिद्ध करते हैं तो उस स्थिति में वे जिसके पास पहुँचते हैं उसे 'ग' कहा जाता है । जिससे यह जगत् उत्पन्न होता है उसे 'ज' कहते हैं । दोनों अक्षरों से 'गज' बनता है । गज का अर्थ विश्व कारण होने से ब्रह्मा होता है । अतः गज ब्रह्म है तथा गणेश जी के कंठ के ऊपर का भाग ब्रह्म स्वरूप ही है ।

श्री गणेश जी का परिवार परिचय

गणेश जी के पिता—गणेश जी के पिता 'शिव' हैं । शिव का अर्थ है कल्याण तथा पुत्र विघ्ननाशक है । इसका रहस्य है कि शिव तत्व की प्राप्ति के लिए अनन्तर साधक के साधन मार्ग की समस्त विघ्न-बाधाएँ स्वतः ही नष्ट हो जाएँगी और विघ्न-बाधाओं के नष्ट होते ही साधक को अनन्त ऋद्धियाँ एवं सिद्धियाँ प्राप्त हो जाएँगी । शिव तत्व प्राप्त होने पर मायिक बन्धन रूपी विघ्नों के महाध्वंस गणेश का प्रादुर्भाव होगा ।

गणेश—विघ्नों का अंत ऋद्धि-सिद्धि—मंगल की प्राप्ति ।

दूसरा रहस्य यह है कि शिव तत्व को प्राप्त किये बिना—

१. माया एवं प्रपंच बन्धन रूपी विघ्नों से मुक्ति ।
२. मंगल प्राप्ति एवं
३. साधना में सिद्धि प्राप्ति । ये असंभव है क्योंकि पिता के बिना पुत्र का जन्म असम्भव है ।

गणेशजी की माता—पार्वती जी गणेश जी की माता हैं । पार्वती का अर्थ 'पर्ववती' है । तीन पर्व होते हैं । ज्ञान, इच्छा और क्रिया (त्रिपर्व) इन पर्वत्रयों में सामरस्य की प्रतिमूर्ति पार्वती जी हैं । पार्वती जी की भांति साधकों के भी

ज्ञान, इच्छा एवं क्रिया रूप पर्वत्रय में सामरस्य की स्थिति आने पर गणेश का जन्म होगा ।

गणेश जी के भ्राता—कार्तिकेय (षडानन) गणेश जी के बड़े भ्राता हैं । शिव के बड़े पुत्र हैं ।

षडानन अर्थात् पाँच इन्द्रियाँ और एक मन । भौतिक जगत् षडानन तक ही सीमित है और उनकी अन्तिम शक्ति सेना एवं सेनापति में प्रतिष्ठित है । देवता भोगी होते हैं, तपस्वी नहीं । अतः 'षडानन' से परे नहीं जा सकते । षडानन (५+१) देवों के सुरक्षा प्रहरी हैं । देवताओं में षडानन से परे जाने की क्षमता नहीं किन्तु गणेश षडानन से परे हैं । आध्यात्मिक शक्ति, आध्यात्म बल, बुद्धि के स्वामी हैं । वे बुद्धि के देवता हैं, देवों के अध्यक्ष हैं । प्रत्युत षडानन के छोटे होने पर भी उनके अग्रगण्य हैं ।

गणेश जी की पत्नियाँ—ऋद्धि, सिद्धि (बुद्धि) गणेश जी की पत्नियाँ हैं । इसका रहस्य यह है कि जब साधना क्षेत्र में शिव तत्व प्राप्ति के अनन्तर विघ्नों के नाशक गणेश बनने की क्षमता आ जाती है और तब सभी ऋद्धियाँ-सिद्धियाँ साधक के लिए स्वपन्निवत् स्ववश्वर्तिनी हो जाती हैं ।

गणेश जी के पुत्र—गणेश के पुत्रों के नाम शुभ (क्षेम) एवं लाभ है । इसका रहस्य यह है कि साधना क्षेत्र में सनातन 'क्षेम' एवं सनातन 'लाभ' प्राप्त करने के लिए गणेश अर्थात् शिवपुत्र बनना ही पड़ेगा । अन्यथा 'क्षेम' एवं लाभ की प्राप्ति संभव नहीं है ।

पिता पंच आनन है, अग्रज षडानन है ।
स्वयं गज आनन है संकट निवारते ॥
गिरिजा के नन्दन हैं, पूज्य गजवन्दन हैं ।
भक्त उर चन्दन है, ऋद्धि-सिद्धि वारते ॥
मंगल-विधायक है, बुद्धि के प्रदायक हैं ।
महागण-नायक हैं, विघ्न-व्यूह टारते ॥
मोद को बढ़ाते, भक्त मोदक चढ़ाते ।
शुण्ड-दण्ड से उठाते, मुख-मण्डल में धारते ॥

स्वास्तिक का क्या रहस्य है ?

कई जगह अनुष्ठानों में वैदिक कर्मकाण्डियों से गणेश पूजन के समय स्वास्तिक पूजन का रहस्य जानने के लिए पूछा तो उन्होंने एक ही उत्तर दिया कि ऐसी ही परम्परा है। भगवान गणेश इस रूप में विराजमान होते हैं।

विशद अध्ययन के बाद स्वास्तिक का निम्न रहस्य पाया–

१. गणपति जल तत्व के अधिपति हैं। जल के चार गुण होते हैं–शब्द, स्पर्श, रूप तथा रस।

२. सृष्टि चार प्रकार की होती है–स्वेदज, अण्डज, उद्भिज और जरायुज।

३. जीवकोटि के पुरुषार्थ चार होते हैं–धर्म, अर्थ, काम और मोक्ष।

४. जग संचालक श्री गणेश ने देवता, मानव, नाग और असुर। इन चारों को स्वर्ग, पृथ्वी और पाताल में स्थापित किया। इसका संकेत स्वास्तिक का चतुर्भुज देता है।

५. गीता के अनुसार भगवान के भक्त चार प्रकार के होते हैं–'आर्तो, जिज्ञासुर, थार्थी और ज्ञानीय (७/१६)

भगवत्प्राप्ति भी चार प्रकार के साधन परमगुह्यरूप में गीता में प्रतिपादित है–

'मन्मना भव मद्भक्तों मद्याजी मां नमस्कुरु ।' (गीता १८/६५)

(क) मन से भगवतचिन्तन न करते हुए मन को भगवन्मय बनाना ।

(ख) भगवान में भक्ति रखना ।

(ग) भगवान की अर्चना करना ।

(घ) भगवान को नमस्कार करना ।

उक्त चार प्रकार के साधनों का संकेत स्वास्तिक की चार भुजाओं से मिलता है ।

६. गणेशजी के चार आयुध होते हैं–पाश, अंकुश, वरदहस्त तथा अभयहस्त । कहा जाता है कि पाश राग का, अंकुश क्रोध का संकेत है । अथवा यह भी समझ सकते हैं कि गणेश जी पाश द्वारा भक्तों के पाप समूहों तथा सम्पूर्ण प्रारब्ध का आकर्षण करके अंकुश से उनका नाश कर देते हैं । उनका वरदहस्त भक्तों की कामना पूर्ति का तथा अभयहस्त सम्पूर्ण भयों से रक्षा का सूचक है ।

७. गणेश जी ऐसे देवता हैं जो सभी कल्पों तथा चारों युगों में धनात्मक दृष्टि (बुद्धि विकास) हेतु उत्पन्न होते रहते हैं । इस प्रकार विनायक के चार हाथ, चतुर्विध सृष्टि, चतुर्विध पुरुषार्थ, चतुर्विध भक्त और चतुर्विध आयुध स्वास्तिक के प्रतीक हैं ।

दीपावली पर लक्ष्मी पूजन से पहले गणेश पूजन का क्या कारण है ?

दीपावली पर लक्ष्मी पूजन से पहले गणपति पूजन का विधान क्यों ? लक्ष्मी प्राप्त करने से पहले गणपति के समान गुण सम्पन्न बनना आवश्यक है । उनके कान बड़े हैं अर्थात् वे सबकी सुनते हैं अनके नेत्र छोटे हैं और लम्बी शुण्ड सूक्ष्म दृष्टि और ग्रहण शक्ति की प्रबलता की द्योतक है ।

गणेश जी का उदर विशाल है वे एकदन्त हैं अर्थात् उनके खाने और दिखाने के दाँत अलग-अलग नहीं हैं । वे दो भुजाओं से चार भुजाओं जितना श्रम करते हैं । मूषक उनका वाहन है इस प्रकार श्री गणेश के समान गुणों को धारण करने वाला व्यक्ति ही गणपति अर्थात् जननायक या नेतृत्व करने वाला एवं लक्ष्मी प्राप्त करने का अधिकारी बन सकता है ।

गणनायक गणेश जी के व्यक्तित्व की प्राप्ति हमारा लक्ष्य हो, श्रम तथा कर्मव्यनिष्ठा उसके उपकरण हों, यही दीपमालिका का पावन सन्देश है ।

श्री गणेश-पूजन विधि

उपासक स्नान आदि नित्यकर्म का सम्पादन करके शुद्ध एवं सुखद आसन पर पूर्वाभिमुख होकर बैठें । पूजक यदि गृहस्थ हो तो पूजन के समय अपनी पत्नी के साथ बैठकर पूजा करें । पूजन आरम्भ करने से पूर्व घी का दीपक जलाकर देवपीठ के दाहिने भाग में अक्षतपुञ्ज पर रखे औं **'ॐ दीपज्योतिषे नमः'** यह मन्त्र बोलकर गन्ध पुष्प से उसकी पूजा करें । फिर उस दीप में इष्टदेव के ज्योतिर्मय रूप की भावना करके इस प्रकार प्रार्थना करें–

भो दीप देवस्वरूपस्त्वं कर्मसाक्षी ह्यविघ्न कृत ।
यावत् कर्मसमाप्तिः स्यात् तावत् त्वं सुस्थिरो भव ॥

हे दीप ! तुम देवता के रूप हो, कर्म के साक्षी तथा विघ्न के निवारक हो । जब तक पूजा-कर्म पूर्ण न हो जाय तब तक तुम सुस्थिर भाव से सन्निकट रहो ।

तदन्तर पूर्वाभिमुख बैठा हुआ यजमान पत्नी के साथ निम्नांकित मन्त्रों को पढ़कर तीन बार आचमन करें–

ॐ केशवाय नमः । ॐ नारायणाय नमः ।
ॐ माधवाय नमः ।

फिर **'ॐ हृषिकेशाय नमः'** कहकर हाथ धो लें और दाहिने हाथ में कुश की पवित्री धारण करें, साथ ही इस मन्त्र का पाठ करें–

ॐ पवित्रे स्थो वैष्णव्यौ सवितुर्वः

प्रसवउत्पुनाभ्यच्छिद्रेण पवित्रेण सूर्यस्य रश्मिभिः ।
तस्य ते पवित्रपते पवित्रपूतस्य यत्कामः पुने तच्छाकेयम् ॥

इस प्रकार पवित्री धारण करने के बाद तीन बार प्राणायाम करें । तत्पश्चात्–

ॐ अपवित्रः पवित्रो वा सर्वावस्थां गतोऽपि वा ।
यः स्मरेत् पुण्डरीकाक्षं स बाह्याभ्यन्तरः शुचिः ॥
'ॐ पुण्डरीकाक्षः पुनातु ॥'

'कोई पवित्र हो, अपवित्र हो या किसी भी अवस्था को प्राप्त क्यों न हो, जो भगवान पुण्डरीकाक्ष का स्मरण करता है, वह बाहर-भीतर से पवित्र हो जाता है ।'

'सच्चिदानन्दघन पुण्डरीकाक्ष पवित्र करें ।' यह मन्त्र पढ़कर अपने ऊपर तथा पूजन-सामग्री पर जल छिड़कें । इसके बाद निम्न मंत्रों का पाठ करें–

विश्वेशं माधवं ढुण्ढिं दण्डापाणिं च भैरवम् ।
वन्दे काशीं गुहां गुङ्गां भवानी मणिकणिकाम् ॥१॥
वक्रतुण्ड महाकाय कोटि सूर्य समप्रभ ।
निर्विघ्नं कुरु मे देव सर्वकार्येषु सर्वदा ॥२॥
सुमुखश्चैकदन्तश्च कपिलो गजकर्णकः ।
लम्बोदरश्च विकटो विघ्ननाशो विनायकः ॥३॥
धूम्रकेतुर्गणाध्यक्षो भालचन्द्रो गजाननः ।
द्वादशैतानि नामानि यः पठेच्छृणुयादपि ॥४॥
विद्यारम्भे विवाहे च प्रवेशे निर्गमे तथा ।
संग्रामे संकटे चैव विघ्नस्तस्य न जायते ॥५॥

शुक्लाम्बरधरं देवं शशिवर्णं चतुर्भुजम् ।
प्रसन्नवदनं ध्यायेत् सर्वविघ्नोपशान्तये ॥६॥
अभीप्सितार्थसिद्धयर्थं पूजितो यः सुरासुरैः ।
सर्वविघ्नच्छिदे तस्मै गणाधिपतये नमः ॥७॥
सर्वमङ्गलमाङ्गल्ये शिवे सर्वार्थसाधिके ।
शरण्ये त्र्यम्बके गौरी नारायणी नमस्तु ते ॥८॥
सर्वदा सर्वकार्येषु नास्ति तेषाममङ्गलम् ।
येषां हृदिस्थो भगवान् मङ्गलायतनं हरिः ॥९॥
तदेव लग्नं सुदिनं तदेव ताराबलं चन्द्रबलं तदेव ।
विद्याबलं दैवबलं तदेव लक्ष्मीपते तेऽङ्घ्रियुगं स्मरामि ॥१०॥
लाभस्तेषा जयस्तेषा कुतस्तेषां पराजयः ।
येषामिन्दीवरश्यामों हृदयस्थो जनार्दनः ॥११॥
यत्र योगेश्वरः कृष्णो यत्र पार्थो धनुर्धरः ।
तत्र श्रीर्विजयो भूतिर्ध्रुवा नीतिर्मतिर्मम ॥१२॥
अनन्याश्रिन्तयन्तो मां ये जनाः पर्युपासते ।
तेषां नित्याभियुक्तानां योगक्षेमं वहाम्यहम् ॥१३॥
स्मृते सकलकल्याणभाजनं यत्र जायते ।
पुरुषं तमजं नित्यं व्रजामि शरणं हरिम् ॥१४॥
सर्वेष्वारम्भकार्येषु त्रयस्त्रिभुवनेश्वराः ।
देवा दिशन्तु नः सिद्धि ब्रह्मशानजनार्दना ॥१५॥

उपर्युक्त मांगलिक श्लोकों का भावार्थ इस प्रकार है– विश्वनाथ, माधव, ढुण्ढिराज गणेश, दण्डपाणि, भैरव,

काशी, गुहा, गङ्गा तथा भवानी मणिकर्णिका की मैं वन्दना करता हूँ ॥१॥ कोटि सूर्यों के समान महातेजस्वी, विशालकाय और टेढ़ी सूंडवाले गणपति देव ! आप सदा सब कार्यों में विघ्नों का निवारण करें ॥२॥ सुमुख, एकदन्त, कपिल, गजकर्ण, लम्बोदर, विकट, विघ्ननाशक, विनायक, धूम्रकेतु, गणाध्यक्ष, भालचन्द्र और गजानन—ये गणेश जी के बारह नाम हैं। जो मनुष्य विद्यारम्भ, विवाह, गृहप्रवेश, यात्रा, संग्राम तथा संकट के अवसर पर इन बारह नामों का पाठ और श्रवण करता है, उसके कार्यों में विघ्न उत्पन्न नहीं होता है ॥३-५॥ शुक्लवस्त्र धारण करने वाले, चन्द्रमा के समान गौर, चार भुजाचारी और प्रसन्न मुख वाले गणपति देव का ध्यान करें। इससे सम्पूर्ण विघ्नों की शान्ति हो जाती है ॥६॥ देवताओं और असुरों ने भी अभीष्ट मनोरथ की सिद्धि के लिए, जिनका पूजन किया है तथा जो समस्त विघ्नों को हर लेने वाले हैं, उन गणाधिपति को नमस्कार है ॥७॥ नारायणि ! तुम सब प्रकार का मंगल प्रदान करने वाली मंगलदायी हो, कल्याणदायिनी शिवा हो, सब पुरुषार्थों को सिद्ध करने वाली, शरणागतवत्सला, त्रिनेत्रधारिणी गौरी हो, तुम्हें नमस्कार है ॥८॥ जिनके हृदय में मंगलधाम भगवान श्रीहरि विराजते हैं अर्थात् जो मन ही मन उनका चिन्तन करते हैं, उनके समस्त कार्यों में सदा ही अमंगल नहीं होने पाता है ॥९॥ लक्ष्मीमते ! मैं जो आपके युगल चरणों का स्मरण करता हूँ, वही चन्द्रबल, वही विद्याबल और वही दैवीबल है ॥१०॥ जिनके हृदय में नीलकमल के समान श्याम कान्तिवाले भगवान जनार्दन विराज रहे हैं, उन्हीं का लाभ है, उन्हीं की विजय

है । उनकी पराजय किससे है ?॥११॥ जहाँ योगेश्वर श्रीकृष्ण है, जहाँ धनुर्धर अर्जुन है, वहीं श्री, विजय, भूति तथा ध्रुवा नीति है । ऐसा मेरा विश्वास है ॥१२॥ भगवान श्रीकृष्ण कहते हैं—जो लोग अनन्य भाव से चिन्तन करते हुए मेरी उपासना करते हैं, मुझमें नित्य संयुक्त रहने वाले उन भक्तों के योग-क्षेम का भार मैं स्वयं वहन करता हूँ ॥१३॥ जिनका स्मरण करते ही मनुष्य समस्त कल्याण का भाजन हो जाता है, उस नित्य, अजन्म आदिपुरुष श्रीहरि की मैं शरण लेता हूँ ॥१४॥ त्रिभुवन के स्वामी तीन देव-ब्रह्मा, शिव और विष्णु आरम्भ किये जाने वाले सभी कार्यों में हमें सिद्धि प्रदान करें ॥१५॥

आवाहन

हे हरम्ब त्वमेहोहि अम्बिकात्र्यम्बकात्मज ।
सिद्धिबुद्धिपते त्र्यक्ष लक्षलाभपितुः पितः ॥
नागास्वं नागहारं त्वां गणराजं चतुर्भुजम् ।
भूषितं स्वायुधैर्दिग्यैः एशाङ्कशपरश्वधैः ॥
आवाह्यामि पूजार्थं रक्षार्थं च मम् कतोः ।
इहा गत्य गृहाण त्वं पूजां यागं च रक्षमे ॥

अर्थ—'हे माता पार्वती तथा त्रिलोचन महादेव के पुत्र हेरम्ब ! आप आइये, आइये । आप सिद्धि और बुद्धि के पति हैं, तीन नेत्रों से सुशोभित हैं, लाखों का लाभ कराने वाले तथा पिता के भी पिता हैं, यहाँ पधारिये । आप गजानन हैं, नागमय हार धारण करते हैं । आपके चार भुजाएँ हैं । आप गणों के राजा हैं । पाश, अंकुश और परशु आदि दिव्य निजी

आयुध आपके हाथों की शोभा बढ़ाते हैं। मैं पूजन के लिए और अपने इस यज्ञ की रक्षा के लिए भी आपका आवाहन करता हूँ। यहाँ पधारकर आप पूजा ग्रहण करें और योग की रक्षा भी करें।

प्रतिष्ठापन

(क) ॐ गणानां त्वा गणपति ꣳ हवामहे प्रियाणां त्वा प्रियपति ꣳ हवामहे निधीनां त्वा निधिपति ꣳ हवामहे वसो मम। आहमजानि गर्भधमा त्वम् जासि गर्भधम्॥ ॐ भूर्भुवः स्वः सिद्धिबुद्धि सहिताय। गणपतये नमः गणपति-मावाहयामि स्थापयामि।

(ख) ॐ मनो जूतिर्जुषतामाज्यस्य बृहस्पति-र्यज्ञमि मं तनोत्वरिष्टं यज्ञ ꣳ समिमं दधातु। विश्वेदेवास इह मादयन्तामो ३ प्रतिष्ठ॥

अस्यै प्राणाः प्रतिष्ठन्तु अस्यै प्राणाः क्षरन्तु च अस्यै देवत्व मर्चायै मामहेति च कञ्चन। सिद्धि बुद्धि सहित गणपते सूप्रतिष्ठितो वर दो भव॥

आसन-अर्पण

इसके बाद निम्नलिखित मन्त्र पढ़कर दित्य सिंहासन की भावना से पुष्प अर्पित करें–

विचित्र रत्न खचितं दिव्यास्तरण संयुतम् ।
स्वर्ण सिंहासनं चारु गृह्णीष्व सुर पूजित ॥

अर्थ—देव पूजित गणेश, यह सुन्दर स्वर्णमय सिंहासन ग्रहण कीजिए। इसमें विचित्र रत्न जड़े हैं तथा इस पर दिव्य आसन (बिछावन) पड़ा हुआ है ।

ॐ पुरुष एवेद ँ सर्वं यद्भूतं यच्चं भाव्यम् ।
उतामृतत्वस्येशानो यदन्नेनाति रोहति ॥
ॐ सिद्धि बुद्धि सहिताय महागणपतये नमः आसनं समर्पयामि ।

पाद्यं

इसके बाद निम्नांकित मन्त्र से गणेश जी के पाद प्रक्षालन के लिए पाद्य अर्पित करें—

ॐ सर्वतीर्थ समुद्भूतं पाद्यं गन्धदिभिर्युतम् ।
विघ्नराज गृहाणेदं भगवन् भक्तवत्सल ॥

अर्थ—भक्तवत्सल भगवान विघ्नराज ! यह सब तीर्थों के जल से तैयार किया गया तथा गन्ध आदि से मिश्रित पाद्य जल आप ग्रहण कीजिए ।

ॐ एतावानस्य महिमातो ज्यायाश्चं पुरुषः । पादोऽस्य विश्वा भूतानि त्रिपादस्यामृतं दिवि । ॐ सिद्धि बुद्धि सहिताय महागणपतये नमः पादयोः पाद्यं समर्पयामिः ।

अर्घ्यदान

तत्पश्चात् गन्ध आदि से युक्त अर्घ्य अर्थात् जल अर्पित करें और निम्न मन्त्र पढ़ें–

ॐ गणाध्यक्ष नमस्तेऽस्तु गृहाण करुणाकर ।
अर्घ्यं च फल संयुक्तं गन्धमाल्याक्षतैर्युतम् ॥

अर्थ–करुणानिधान गणाध्यक्ष ! आपको नमस्कार है । आप गन्ध, पुष्प, अक्षत और फल आदि से युक्त यह अर्घ्य जल स्वीकार करें ।

ॐ त्रिपादूर्ध्व उदैत्पुरुषः पादोऽस्येहा भवत् पुनः ततो विष्वङ्व्यक्रामत्साशनानशने अभि ।

ॐ सिद्धि बुद्धि सहिताय महागणपतये नमः हस्तयोरर्घ्यं समर्पयामि ।

आचमनीय अर्पण

इसके अनन्तर निम्न मन्त्र पढ़ते हुए गंगा जल से श्री गणेश को आचमन करायें–

विनायकं नमस्तुभ्यं त्रिदशैरभिवन्दित ।
गङ्गोदकेन देवेश कुरुष्वाचमनं प्रभो ॥

अर्थ–देवेश्वर ! देववन्दित प्रभो ! विनायक ! आपको नमस्कार है । आप गंगाजल से आचमन करें ।

ॐ ततो विराऽजायत विराजो अधिपुरुषः ।
स जातो अत्यरिच्यत पश्चाद् भूमिमथोपुरः ।

ॐ सिद्धि बुद्धि सहिताय महागणपतये नमः मुखे आचमनीयं समर्पयामि ।

स्नान-समर्पण

इसके बाद निम्नलिखित मन्त्र बोलकर गंगा जल से स्नान कराने की भावना से स्नानीय जल अर्पित करें–

मन्दाकिन्यास्तु यद्धारि सर्वपापहरं शुभम् ।
तदिदं कल्पितं देव स्नानार्थं प्रतिगृह्यताम् ॥

अर्थ–देव ! मन्दाकिनी (गंगा) का जो जल समस्त पापहारी और शुभ है, वही आपके स्नान के लिए प्रस्तुत किया गया है । आप इसे स्वीकार करें ।

ॐ तस्माद्यत्सर्वहुतः सम्भृतं पृषदाज्यम् ।
पूंस्तांश्च वायव्यानारण्या ग्राम्याश्च ये ।

ॐ सिद्धि बुद्धि सहिताय महागणपतये नमः सर्वाङ्गे स्नानं समर्पयामि ।

पंचामृत-स्नान

पञ्चामृतं मयाऽऽनीतं पयो दधि घृतं मधु ।
शर्करा च समायुक्तं स्नानार्थं प्रतिगृह्यताम् ॥

अर्थ–प्रभो ! दूध, दही, घी, मधु और शर्करा को मिलाकर तैयार किया गया । यह पंचामृत मैं ले आया हूँ । आप इसे स्नान के लिए ग्रहण करें ।

ॐ पञ्च नद्यः सरस्वती पियन्ति सस्त्रोतसः ।
सरस्वती तु पञ्चधासो देशेऽभवत्सरित् ॥

ॐ सिद्धि बुद्धि सहिताय महागणपतये नमः पञ्चामृत स्नानं समर्पयामि ।

पुनः जल से स्नान कराकर मांगलिक स्नान करावें ।

मांगलिक स्नान

(सुवासित तैल या इत्र)

चम्पकाशोक बक्रलमालती मोगरादिभिः ।
वासितं स्निग्धता हेतु तैलं चारू प्रगृह्यताम् ॥

अर्थ–प्रभो ! चम्पा, अशोक, मौलसिरी, मालती और मोगरा आदि से वासित तथा चिकनाहट का हेतु भूत यह सुन्दर तैल आप ग्रहण करें ।

ॐ सिद्धि बुद्धि सहिताय महागणपतये नमः सुवासितं तैल समर्पयामि ।

शुद्धोदक स्नान

तदन्तर गंगा जल या तीर्थ जल से शुद्ध स्नान करायें–

गंगा च यमुना चैव गोदावरी सरस्वती ।
नर्मदा सिन्धु कावेरी स्नानार्थ प्रतिगृह्यतामा ॥

अर्थ–इस शुद्ध जल के रूप में यहां गंगा, यमुना, गोदावरी सरस्वती, नर्मदा, सिन्धु और कावेरी उपस्थित है । आप स्नान के लिए यह जल स्वीकार करें ।

ॐ आपो हिण्ठा मयोभुवस्ता न ऊर्जे दधातन । महेरणाय चक्षसे ॥

ॐ सिद्धि बुद्धि सहिताय महागणपतये नमः शुद्धोदक स्नानं समर्पयामि ।

वस्त्र समर्पण

शीतवातोष्ण संत्राणं लज्जाथा रक्षणं परम् ।
देहालंकरणं वस्त्रमतः शान्ति प्रयच्छ मे ॥

अर्थ—प्रभो ! यह वस्त्र सेवा में अर्पित है । यह सर्दी, हवा और गर्मी से बचाने वाला, लज्जा का उत्तम रक्षक तथा शरीर का अलंकार है । आप इसे स्वीकार करके मुझे शान्ति प्रदान करें ।

ॐ युवा सुवासाः परिवीत् आगात् स उश्रेयान् भवति जायमान्ः तं धीरासः कवय उन्नयन्ति स्वाध्यो ३ मनसा देवयन्तः ।

ॐ सिद्धि बुद्धि सहिताय महागणपतये नमः वस्त्रं समर्पयामि ।

ॐ सिद्धि बुद्धि सहिताय महागणपतये नमः आचमनं समर्पयामि ।

यज्ञोपवीत समर्पण

नवभिस्तन्तुभिर्युक्तं त्रिगुणं देवताभयम् ।
उपवीतं मया दत्तं गृहाण परमेश्वर ॥

अर्थ—परमेश्वर ! नौ तन्तुओं से युक्त, त्रिगुण और देवता स्वरूप यह यज्ञोपवीत मैंने समर्पण किया है । आप इसे स्वीकार करें ।

ॐ यज्ञोपवीतं परमं पवित्रं प्रजापतेर्यत्सहजं पुरस्तात् आयुष्यम ग्रन्थं प्रतिमुञ्च शुभ्रं यज्ञोपवीतं

बलमस्तु तेजः । ॐ सिद्धि बुद्धि सहिताय महागणपतये नमः यज्ञोपवीतं समर्पयामि । ॐ सिद्धि बुद्धि सहिताय महागणपतये नमः आचमनं समर्पयामि ।

गन्ध–अक्षत

॥ गन्धः ॥

श्रीखण्ड चन्दनं दिव्यं गन्धाढ्यं सुमनोहरम् ।
विलेपनं सुरश्रेष्ठ चन्दनं प्रति गृह्यताम् ॥

अर्थ–सुरश्रेष्ठ ! यह दिव्य श्रीखण्ड चन्दन, सुगन्ध से पूर्ण एवं मनोहर है । विलेपन स्वरूप यह चन्दन आप स्वीकार करें ।

ॐ त्वां गन्धर्वा अखनंस्त्वामिन्द्रस्त्वां बृहस्पतिः ।
त्वामोषधे सोमो राजा विद्धान्यक्ष्मादमुच्यत ॥

ॐ सिद्धि बुद्धि सहिताय महागणपतये नमः गन्धं समर्पयामि ।

अक्षतः

अक्षताश्च सुरश्रेष्ठ कुङ्कुमाक्ताः सुशोभिताः ।
मया निवेदिता भक्त्या गृहाण परमेश्वर ॥

अर्थ–सुरश्रेष्ठ परमेश्वर ! ये कुंकुम में रंगे हुए सुन्दर अक्षत हैं । मैंने भक्तिभाव से इन्हें आपकी सेवा में अर्पित किया है । आप इन्हें स्वीकार करें ।

ॐ अक्षन्नमीमदन्त ह्यव प्रिया अधूषत ।

अस्तोषत स्वभावनो विप्रा नविष्ठया मती योजान्विन्द्र ते हरी । ॐ सिद्धि बुद्धि सहिताय महागणपतये नमः अक्षतान् समर्पयामि ।

पुष्पमाला-पुष्प-दुर्वांकुर, सिन्दूर, अबीर-चूर्ण

॥ मन्दार पुष्पः ॥

वन्दारूजनमन्दार मन्दारप्रिय धीपते ।
मन्दारजानि पुष्पाणि श्वेतार्कादीन्युपेहि भोः ॥

अर्थ–हे वन्दना करने वाले भक्तों के लिए मन्दार (कल्पवृक्ष) के समान कामनापूरक ! मन्दारप्रिय ! बुद्धिपते गणेश ! मन्दार के तथा श्वेत आक आदि के फूल स्वीकार कीजिए ।

ॐ सिद्धि बुद्धि सहिताय महागणपतये नमः मन्दार पुष्पाणि समर्पयामि ।

॥ पुष्पमालाः॥

माल्यादीनि सुगन्धीनि मालत्यादीनि वै प्रभो ।
मयाहतानि पुष्पाणि गृह्यन्तां पूजनाय भोः ॥

अर्थ–प्रभो ! मालती आदि की सुगन्धित मालाएँ और फूल मेरे द्वारा लाए गए हैं । आप इन्हें पूजनार्थ स्वीकार करें ।

ॐ ओषधीः प्रतिमोदध्वं पुष्पवतीः प्रसूवरीः ।

अश्वा इव सजित्वरीर्वीरूधः पारयिष्णवः ॥

ॐ सिद्धि बुद्धि सहिताय महागणपतये नमः पुष्पमालां समर्पयामि ।

॥ दुर्वांकुरः ॥

दूर्वाङ्कुरान् सुहरितानमृतान् मङ्गलप्रदान् ।
आनीतांस्तव पूजार्थं गृहाण गणनायक ॥

अर्थ—गणनायक ! आपकी पूजा के लिए मेरे द्वारा अत्यन्त हरे, अमृतमय तथा मंगलप्रद दुर्वांकुर लाये गए हैं । आप इन्हें ग्रहण करें ।

ॐ काण्डात्काण्डात् प्ररोहन्ती पुरुषः पुरुषस्परि ।
एवा नो दूर्वे प्र तनु सहस्त्रेण शतेन च ॥

ॐ सिद्धि बुद्धि सहिताय महागणपतये नमः दूर्वाङ्कुर समर्पयामि ।

॥ सिन्दूरः ॥

सिन्दूरं शोभनं रक्तं सौभाग्य सुखवर्धनम् ।
शुभदं कामदं चैव सिन्दूरं प्रतिगृह्यताम् ॥

अर्थ—प्रभो ! सुन्दर, लाल, सौभाग्यस्वरूप, सुखवर्धक, शुभद एवं कामपूरक सिन्दूर सेवा में प्रस्तुत है । इसे स्वीकार करें ।

ॐ सिन्धोरिव प्राध्वने शूघनासो वातप्रमियः पतयन्तियह्वाः । घृतस्य धारा अरूणो न वाजी काष्ठा भिन्दन्नूर्मिभिः पिन्वमानः ।

ॐ सिद्धि बुद्धि सहिताय महागणपतये नमः सिन्दूरं, समर्पयामि ।

नाना परिमलद्रव्य, अबीर-चूर्ण

नानापरिमलैद्रव्यैर्निर्मितं चूर्णमुत्तमम् ।
अबीरनामकं चूर्ण गन्धाढयं चारू गृह्यताम् ॥

अर्थ–भांति-भांति के सुगन्धित द्रव्यों से निर्मित यह गन्ध युक्त अबीर नामक सुन्दर तथा उत्तम चूर्ण ग्रहण कीजिये ।

ॐ अहिरिव भोगैः पर्येति बाहुं ज्याया हेतिं परिबाधनः । हस्तघ्नो विश्वा वायुनानि विद्वान् पुमान् पुमाꣳसं परिपातु विश्वतः । ॐ सिद्धि बुद्धि सहिताय महागणपतये नमः नानापरिमलद्रव्याणि समर्पयामि ।

दशांग धूप

वनस्पतिरसोद्भूतो गन्धाढ्यो गन्ध उत्तमः ।
आघ्रेयः सर्वदेवानां धूपोऽयं प्रतिगृह्यताम् ॥

अर्थ–वनस्पति के रस से प्रकट, सुगन्धित, उत्तम गन्ध रूप और समस्त देवताओं के सूँघने योग्य यह धूप सेवा में अर्पित है । प्रभो ! इसे स्वीकार करें ।

ॐ धूरसि धूर्व धूर्वन्तं धूर्व तं योऽस्मान्धूर्वति तं धूर्वयं वयं धूर्वामः । देवानामसि वह्नितम ꣳ सस्नितमं पप्रितमं जुष्टतमं देवहूतमम् । ॐ

सिद्धि बुद्धि सहिताय महागणपतये नमः, धूपमाघ्रापयामि ।

दीप-दर्शन

साज्यं च वर्तिसंयुक्क्तं वहिना योजितं मया ।
दीपं गृहाण देवेश त्रैलोक्यतिमिरापहम् ।
भक्त्यां दीपं प्रयच्छामि देवाय परमात्मने ।
त्राहि मां निरयाद घोराद्दीपज्योतिर्नमोऽस्तुते ।

अर्थ—देवेश ! घी में डुबोयी रुई की बत्ती को अग्नि से प्रज्वलित करके दीप आपकी सेवा में अर्पित किया गया है । आप इसे स्वीकार करें । यह त्रिभुवन के अन्धकार को दूर करने वाला है । मैं इष्ट देवता परमात्मा गणपति को दीप देता हूँ । प्रभो ! आप मुझे घोर नरक से बचाइये । दीपज्योतिर्मय देव ! आपको नमस्कार है ।

ॐ अग्निर्ज्योतिर्ज्योतिरग्निः स्वाहा सूर्यो ज्योतिर्ज्योतिः सूर्यः स्वाहा । अग्निर्वर्चो ज्योतिर्वर्चः स्वाहा सूर्यो वर्चो ज्योतिर्वचः स्वाहा । ज्योतिः सूर्यः सूर्यो ज्योतिः स्वाहा । ॐ सिद्धि बुद्धि सहिताय महागणपतये नमः दीपं दर्शयामि ।

नैवेद्य-निवेदन

दीप-अर्पण के पश्चात् हाथ जोड़कर नैवेद्य अर्पण करें । नैवेद्य में भांति-भांति के मोदक, गुड़ तथा ऋतु के

अनुकूल उपलब्ध नाना प्रकार के उत्तमोत्तम फल प्रस्तुत करें । इसके बाद निम्नांकित मन्त्र को पढ़ें–

नैवेद्यं गृहतां देव भक्तिं मे ह्यचलां कुरु ।
ईप्सितं मे वरं देहि परत्र च परां गतिम् ॥
शर्कराखण्डखाद्यानि दधिक्षीरघृतानि च ।
आहारं भक्ष्यभोज्यं च नैवेद्यं प्रतिगृह्यताम् ॥

अर्थ–देव ! आप यह नैवेद्य स्वीकार करें और अपने प्रति मेरी भक्ति को अविचल कीजिए । वांछित वर दीजिए और परलोक में परम गति प्रदान कीजिए । खांड से तैयार किये गए खाद्य पदार्थ, दही, धूप, घी तथा भक्ष्य भोज्य आहार नैवेद्य के रूप में प्रस्तुत है । यह आप कृपापूर्वक ग्रहण करें ।

ॐ नाभ्या आसीदन्तरिक्ष शीर्ष्णो द्यौः समवर्तत ।
पद्भ्यां भूमिर्दिशः श्रोत्रात्तथा लोकांरअकल्पयून ॥

ॐ प्राणाय स्वाहा । ॐ अपानाय स्वाहा । ॐ समानाय स्वाहा ।

ॐ उदानाय स्वाहा । ॐ व्यानाय स्वाहा । ॐ सिद्धि बुद्धि सहिताय महागणपतये नमः नैवेद्यं मोदकमयं ऋतुफलानि च समर्पयामि ।

ॐ सिद्धि बुद्धि सहिताय महागणपतये नमः आचमनीयं मध्ये पानीयं उत्तरापोशनं च समर्पयामि ।

करोद्धर्तन के लिए चन्दन

ॐ चन्दनं मलयाद्भूतं कस्तूर्यादिसमन्वितम् ।
करोद्धर्तनकं देव गृहाण परमेश्वर ॥

अर्थ—देव ! मलयपर्वत से उत्पन्न चन्दन में कस्तूरी आदि मिलाकर मैंने करोद्धर्तन तैयार किया है । परमेश्वर ! इसे स्वीकार करें ।

अꣳशुना ते अꣳशुः पृच्यतां परुषा परूः ।
गन्धस्ते सोममवतु मदाय रसो अच्युतः ॥

ॐ सिद्धि बुद्धि सहिताय महागणपतये नमः चन्दनेन करोद्धर्तनं समर्पयामि ।

पूगीफलादि सहित ताम्बूल-अर्पण

ॐ पूगीफलं महच्छिव्यं नागवल्लीदलैर्युतम् ।
एलाचूर्णादिसंयुक्तं ताम्बूलं प्रतिगृह्यताम् ॥

अर्थ—प्रभो ! महान् दिव्य पूगीफल, इलायची और चूना आदि से युक्त पान का बीड़ा सेवा में प्रस्तुत है । इसे स्वीकार करें ।

ॐ यत्पुरुषेण हविषा देवा यज्ञमतन्वत ।
वासन्तोऽस्यासीदाज्यं ग्रीष्म इध्मः शरद्धविः ॥

ॐ सिद्धि बुद्धि सहिताय महागणपतये नमः, मुखवासार्थमेलापूगीफलादिसहितं ताम्बूलं समर्पयामि ।

दक्षिणा-समर्पण

॥ दक्षिणाः ॥

हिरण्यगर्भगर्भस्थं हेम बीजं विभावसोः ।
अनन्तपुण्यफलदमतः शान्ति प्रयच्छा मे ॥

अर्थ–सुवर्ण हिरण्यगर्भ ब्रह्मा के गर्भ में स्थित अग्नि का बीज है । वह अनन्त पुण्य-फल प्रदान करने वाला है । भगवन् ! आपकी सेवा में अर्पित है । अतः इसे ग्रहण कर मुझे शान्ति प्रदान करें ।

ॐ हिरण्यगर्भः समवर्त्तताग्रे भूतस्यजातः पतिरेक आसीत् ।
सदाधार पृथिवीं द्यामुतेमां कस्मै देवाय हविषा विधेम ॥

ॐ सिद्धि बुद्धि सहिताय महागणपतये नमः,
कृताया पूजायाः सादगुण्यार्थं द्रव्यदक्षिणां समर्पयामि ।

नीराजन या आरर्तिक (आरती)

कदलीगर्भसम्भूतं कर्पूरं तु प्रदीपितम् ।
आरार्तिकमहं कुर्वे पश्य मे वरदो भव ॥

अर्थ–प्रभो ! केले के गर्भ से उत्पन्न यह जलाया गया कपूर है । इसी के द्वारा मैं आपकी आरती करता हूँ । आप इसे देखिये और मेरे लिए वरदायक होइये ।

॥ आरतीः ॥

वक्रतुण्ड महाकाय सूर्यकोटि समप्रभ ।
निर्विघ्न कुरु मे देव सर्व कार्येषु सर्वदा ॥

जय गणेश जय गणेश जय गणेश देवा ।
माता जाकी पार्वती पिता महादेवा ॥
धूप चढ़े बेल चढ़े और चढ़े मेवा ।
लडुवन का भोग लगे सन्त करे सेवा ॥
जय गणेश जय गणेश जय गणेश देवा ।
माता जाकी पार्वती पिता महादेवा ॥
एकदन्त दयावन्त चार भुजा धारी ।
मस्तक सिन्दूर सोहे मूषक की सवारी ॥
अन्धन को आंख देत कोढ़ियन को काया ।
बांझन को पुत्र देत निर्धन को माया ॥
जय गणेश जय गणेश जय गणेश देवा ।
माता जाकी पार्वती पिता महादेवा ॥

ॐ इदं हविः प्रजननं मे अस्तु, दशवीरꣳ सर्वगणꣳ स्वस्तये । आत्मसनि प्रजासनि पशुसनि लोकसन्यभयसनि । अग्निः प्रजां बहुलां मे करोत्वन्नं पयोरेतो अस्मासु धत्त । आ रात्रि पार्थिवꣳरजः पितुरप्रायि धामभिः । दिवः सदाꣳसि बृहती तिष्ठस आ त्वेषं वर्तते तमः । ॐ सिद्धि बुद्धि सहिताय महागणपतये नमः कर्पूरनीराजनं समर्पयामि ॥

पुष्पांजलि–समर्पण

नानासुगन्धिपुष्पाणि यथाकालोद्भवानि च ।
पुष्पाञ्जलिर्मया दत्तो गृहाण परमेश्वर ॥

अर्थ—परमेश्वर ! यथासमय उत्पन्न होने वाले नाना प्रकार के सुगन्धित पुष्प मैंने पुष्पाञ्जलि के रूप में अर्पित किये हैं । आप इन्हें स्वीकार करें ।

ॐ यज्ञेन यज्ञंमयजन्त देवास्तानि धर्माणि प्रथमान्यासन् ।

ते ह नाकं महिमानः सचन्त यत्र पूर्वे साध्याः सन्ति देवाः ॥

ॐ गणानां त्वां गणपतिꣳ हवामहे प्रियाणां त्वां प्रियपतिꣳ हवामहे निधीनां त्वां निधिपतिꣳ हवामहे वसो मम । आहमजानि गर्भधमा त्वमजासि गर्भधम । ॐ अम्बे अम्बिकेऽबालिके न मा नयति कश्चन । ससस्त्यश्वकः सुभद्रिकां काम्पील-वासिनीम् ॥

ॐ राजाधिराजाय प्रसह्यसहिने नमो वयं वैश्रवणाय कुर्महे । समे कामान् काम कामाय मह्यं कामेश्वरो वैश्रणवो ददातु ॥

कुबेराय वैश्रवणाय महाराजाय नमः ।

ॐ स्वस्ति साम्राज्यं भौज्यं स्वराज्यं वैराज्यं पारमेष्ठयं राज्यं महाराज्यमाधिपत्यमयं समन्तपर्यायी स्यात् सार्वभौमः सार्वायुषान्तादापरार्धात् पृथिव्यै समुद्रपर्यन्तायां एकराडिति तदप्येष श्लोकोऽभिगीतो मरुतः परिवेष्टारो मरुत्तस्यावसन् गृहे । आवीक्षितस्य

कामप्रेर्विश्वेदवाः सभासद इति ।

ॐ विश्वतश्चक्षुरुत विश्वतोमुखो विश्वतोबाहुरुत विश्वतस्पात् । सम्बाहुभ्यां धमति सम्पतत्रैद्यविभूमी जनयन् देव एकः ॥

ॐ सिद्धि बुद्धि सहिताय महागणपतये नमः, मन्त्र पुष्पाञ्जलि समर्पयामि ।

इस प्रकार षोडषोपचार विधि से पूजन कर अग्रलिखित गणेशसहस्त्रनाम का पाठ करें ।

श्री गणपति सहस्रनाम स्तोत्रम्

गणेश पुराण वर्णित गणपति सहस्त्रनाम स्तोत्र हिन्दी अर्थ सहित निम्नानुसार विधि से है–

विनियोगः–

अस्य श्री महागणपति सहस्त्रनाम स्तोत्र मन्त्रस्य महागणपतिर्ऋषिः, अनुष्टुप छन्दः महागणपतिर्देवता गं बीजम्, हुं शक्तिः, स्वाहा कीलकम्, चतुर्विध पुरुषार्थ सिद्धयर्थे जपे विनियोगः ।

अर्थ–इस सहस्त्रनाम के श्री महागणपति ऋषि हैं, अनुष्टुप छन्द है, महागणपति देवता है । गम बीज है, हुम् शक्ति है, स्वाहा कीलक है, धर्म-अर्थ-काम एवं मोक्ष–इन चारों पुरुषार्थों की सिद्धि के लिए जपादि में इसका विनियोग है ।

॥ ऋष्यादि न्यासः ॥

ॐ महागणपतये ऋषये नमः शिरसि ।
अनुष्टुप छन्द से नमः मुखे ।
महागणपतिर्देवताये नमः हृदि ।
गं बीजाय नमः गुह्ये ।
हुं शक्तये नमः पादयो ।
स्वाहा कीलकाय नमः नाभौ ।

विनियोगाय नमः सर्वाङ्गे ।

इस प्रकार इन छः वाक्यों को अलग-अलग बोलकर तत्व मुद्रा (दाहिने हाथ की अंगुलियों और अंगुष्ठ को मिलाकर तत्व मुद्रा बनती है) से क्रमशः मस्तक-मुख-हृदय-गुदाभाग-दोनों चरण तथा नाभि का स्पर्श करना चाहिये ।

।। ध्यानः ।।

गण्डपाली गलछान पूर लाल समानसान् ।
द्विरेफान् कर्णतालाभ्यां वारयन्त महुर्मुहुः ।।
कराग्रधृतमाणिक्य कुम्भवक्त्र विनिर्गतै ।
रत्नवर्षैः प्रीणयन्तं साधकान् मद् विह्वलम् ।।
माणिक्य मुकटो पेतं सर्वाभरण भूषितम् ।।

अर्थ—गणेश जी के गण्डस्थल से मद की धारा बह रही है, उसका आस्वादन करने के लिए भ्रमरों की भीड़ टूट पड़ी है । भ्रमरों को वे अपने ताड़पत्र के समान कानों से बार-बार हटाते हैं । उन्होंने अपने शुण्डदण्ड के अग्रभाग में माणिक्य से निर्मित कलश में रखा है, जिसके मुख भाग से रत्नों की वर्षा हो रही है जिसके द्वारा वे अपने धनार्थी साधकों को तृप्त कर रहे हैं । कपोलों पर झरते मद से वे विह्वल हैं ।

उनके मस्तक पर माणिक्य मुकुट शोभा देता है तथा वे सम्पूर्ण आभूषणों से विभूषित हैं । ऐसे महागणपति का मैं ध्यान करता हूँ ।

श्री गणपति सहस्रनाम स्तोत्रम्

ॐ गणेश्वरो गणक्रीडो गणनाथो गणाधिपः ।
एक दंष्ट्रो वक्रतुण्डो गजवक्त्रो महोदरः ॥

१. **गणेश्वर**–गणों के ईश्वर ।
२. **गणक्रीड़ः**–गणों के साथ खेलने वाले ।
३. **गणनाथः**–गणों के नाथ (स्वामी) ।
४. **गणाधिपः**–गणों के अधिपति ।
५. **एकदंष्ट्र**–एक दांत वाले ।
६. **वक्रतुण्ड**–टेढ़ी सूण्ड वाले ।
७. **गजवक्त्रः**–हाथी जैसे शरीर वाले ।
८. **महोदरः**–महान् उदर वाले ।

लम्बोदरो धूम्रवर्णो विकटो विघ्न नायक ।
सुमुखो दुर्मुखो बुद्धो विघ्न राजो गजाननः ॥

९. **लम्बोदरः**–लम्बे पेट वाले (बहुत मोदक जीमने से)
१०. **धूम्रवर्णः**–धुएँ जैसे रंग वाले ।
११. **विकटः**–शत्रुओं के लिए भयंकर ।
१२. **विघ्ननायक**–विघ्नों के नायक ।
१३. **सुमुखः**–सुन्दर मुख वाले ।
१४. **दुर्मुख**–शत्रुओं के लिए अप्रियवादी ।
१५. **बुद्धः**–बुद्ध स्वरूप ।

१६. **विघ्नराजः**–विघ्नों के राजा ।
१७. **गजाननः**–हाथी जैसे मुख वाले ।

भीमः प्रमोद अमोदः सुरानन्दो मदोत्कटः ।
हेरम्बः शम्बरः शम्भर्लम्बकर्णो महाबलः ॥

१८. **भीमः**–भीम के समान विशाल ।
१९. **प्रमोदः**–विशेषरूपेण प्रसन्न रूप वाले ।
२०. **आमोदः**–आनन्द स्वरूप वाले ।
२१. **सुरानन्दः**–देवताओं को आनन्दित करने वाले ।
२२. **मदोत्कटः**–अत्यधिक मद वाले ।
२३. **हेरम्बः**–हे ! माँ, पुकारने वाले ।
२४. **शम्बरः**–शम्बरासुर का संहार करने से ।
२५. **शम्भः**–शान्ति चाहने वाले ।
२६. **लम्बकर्णोः**–लम्बे कान वाले ।
२७. **महाबलः**–महाबली ।

नन्दनोऽलम्पटोऽभीरूर्मेघनादो गणजयः ।
विनायको विरुपाक्षो धीर शूरो वर प्रदः ॥

२८. **नन्दनः**–आनन्द के सपूत ।
२९. **अलम्पटः**–बुद्धिमान ।
३०. **अभीरूः**–भयरहित अर्थात् किसी से नहीं डरने वाले ।
३१. **मेघनादः**–बादल के समान गर्जना करने वाले ।
३२. **गणजयः**–गणों को जीतने वाले ।
३३. **विनायकः**–नेतृत्व करने वाले ।

३४. **विरूपाक्षः**–शत्रुओं के लिए बिगड़ी आँखों वाले ।
३५. **धीरः**–धीरज रखने वाले ।
३६. **शूरः**–वीर
३७. **वरप्रदः**–वरदान देने वाले ।

महागलपतिर्बुद्धिप्रियः क्षिप्रप्रसादनः ।
रूद्रप्रियो गणाध्यक्षः उमापुत्रोऽघनाशनः ॥

३८. **महागल (ण) पति**–गणों के महान् नायक ।
३९. **बुद्धिप्रियः**–जिसको बुद्धि प्रिय हो ।
४०. **क्षिप्रप्रसादनः**–शीघ्र प्रसन्न होने वाले ।
४१. **रुद्रप्रियः**–रुद्रों के प्रिय ।
४२. **मणाध्यक्षः**–गणों के अध्यक्ष ।
४३. **उमापुत्रः**–गौरी के पुत्र ।
४४. **अघनाशनः**–अघों अर्थात् बुराइयों को नष्ट करने वाले ।

कुमार गुरुरीशान पुत्रों मूषक वाहनः ।
सिद्धिप्रियः सिद्धिपतिः सिद्धः सिद्धि विनायकः ॥

४५. **कुमार**–कुमार होने से ।
४६. **गुरु**–षडानन के गुरु ।
४७. **ईशानपुत्र**–ईशान के पुत्र ।
४८. **मूषक वाहनः**–मूषक जिसका वाहन है ।
४९. **सिद्धिप्रियः**–सिद्धि के लिए प्रिय ।
५०. **सिद्धिपतिः**–सिद्धि के पति ।

५१. **सिद्धः**–सिद्ध स्वरूप अर्थात् स्वयं सिद्ध ।
५२. **सिद्धि विनायकः**–सिद्धियों के विशिष्ट नायक ।

अविघ्नस्तुम्बुरः सिंहवाहनो मोहिनी प्रियः ।
कंकटो राजपुत्रः शालकः सम्मितोऽमितः ॥

५३. **अविघ्नस्तुम्बुरः**–१. अविघ्नस्वरूप (विघ्नरहित), २. तुम्बु के समान आवाज करने वाले ।
५४. **सिंहवाहनः**–सिंह पर सवार होने वाले ।
५५. **मोहिनी प्रियः**–मोहिनी के लिए प्रिय ।
५६. **कंकटः**–कवच धारण करने वाले ।
५७. **राजपुत्रः**–राज़ा के पुत्र ।
५८. **शालकः**–बुद्धि देने वाले, शिव गण विशेष ।
५९. **सम्मितः**–अच्छे परामर्श देने वाले ।
६०. **अमितः**–अतुलित, सीमारहित ।

कूष्माण्डसामसम्भूतिर्दुर्जयो धुर्जयोजयः ।
भूपतिर्भुवनपतिर्भूतानां पतिर्व्यय ॥

६१. **कूष्माण्डसामसम्भूतिः**–कूष्माण्डया कुम्हड़ के समान पेट वाले ।
६२. **दुर्जयः**–कठिनाई से जीते जाने वाले ।
६३. **धुर्जयः**–धुरंधर (पारगंत) ।
६४. **जयः**–जय हो, जय के लिए नमस्कार ।
६५. **भूपति**–भूमि के पति ।
६६. **भुवनपति**–भुवनों के पति ।
६७. **भूतानांपतिर्व्यय**–प्राणियों के स्वामी ।

विश्वकर्ता विश्वमुखो विश्वरूपो निधिर्घृणि ।
कविः कविनानृषभो ब्रह्मण्यो ब्रह्मणस्पतिः ॥

६८. **विश्वकर्ता**–विश्व को बनाने वाले ।
६९. **विश्वमुखो**–विश है जिसके मुख में ।
७०. **विश्वरूपः**–विश्व स्वरूप ।
७१. **निधि**–सम्पति (खजाना) ।
७२. **घृणि**–सूर्यवत तेजवान ।
७३. **कवि**–विद्वान्, कविता बनाने वाले ।
७४. **कविनानृषभोः**–कवियों में श्रेष्ठ ।
७५. **ब्रह्मण्य**–ब्राह्मणों पर कृपा करने वाले ।
७६. **ब्राह्मणस्पतिः**–देवताओं के स्वामी, देवताओं में श्रेष्ठ ।

ज्येष्ठराजो निधिपति निधिप्रियपति प्रियः ।
हिरण्य पुरान्तः स्थः सूर्यमण्डल मध्यमः ॥

७७. **ज्येष्ठराजः**–राजाओं में ज्येष्ठ एवं श्रेष्ठ ।
७८. **निधिपतिः**–सम्पत्ति के स्वामी ।
७९. **निधिप्रियपतिः**–सम्पत्ति प्रिय लगने वालों के स्वामी ।
८०. **प्रियः**–सबको प्रिय लगने वाले ।
८१. **हिरण्यमयः**–सोने के समान चमकने वाले ।
८२. **पुरान्तः**–प्राचीन पुरुष ।
८३. **स्थः**–यज्ञस्वरूप ।
८४. **सूर्यमण्डल मध्यमः**–दुपहरी में चमकने वाले सूर्यमण्डल के समान ।

कराहतिध्वस्तसिन्धुसलिलः पूषदन्तभित् ।
उमाङ्ककेलिकुतकी मुक्तिदः कुल पालनः ॥

८५. **कराहतिध्वस्तसिन्धुसलिलः**–अग्नि जिह्वा के समान सागर जल को सुखाने वाले ।
८६. **पूषदन्तभित्**–गन्धर्वों को भयभीत करने वाले ।
८७. **उमाङ्ककेलिकुतकीः**–पार्वती की गोद में खेलने वाले ।
८८. **मुक्तिदः**–मोक्ष प्रदान करने वाले ।
८९. **कुल पालनः**–कुल (वंश) का पालन करने वाले ।

किरीटी कुण्डलीहारी वनमाली मनोमयः ।
वैमुख्यहतदैत्यश्रीः पादाहतिजितक्षितिः ॥

९०. **किरीटी**–मुकुट धारण करने वाले ।
९१. **कुण्डली**–कानों में कुण्डल धारण करने वाले ।
९२. **वनमाली**–फूलों की माला धारण करने वाले ।
९३. **मनोमयः**–मन को आनन्दित करने वाले, सुन्दर लगने वाले ।
९४. **वैमुख्यहतदैत्यश्रीः**–विमुख दैत्यों की श्री (शोभा-लक्ष्मी) को हरण करने वाले ।
९५. **पादाहतिजितक्षितिः**–पैरों की शक्ति से पृथ्वी को जीतने वाले ।

सद्योजातस्वर्णमुंजमेखली दुर्निमित्तहृत ।
दुःस्वप्नहृत प्रसहनो गुणी नादप्रतिष्ठितः ॥

९६. **सद्योजातस्वर्णमुंजमेखली**–तत्काल उत्पन्न सोने के समान मुंज की मेखला को धारण करने वाले ।
९७. **दुर्निमित्तहृत**–बुराइयों को नष्ट करने वाले ।
९८. **दुःस्वप्नहृत**–बुरे स्वप्नों को नष्ट करने वाले ।
९९. **प्रसहनः**–क्षमा करने वाले ।
१००. **गुणी**–गुणवान, सभी गुणों से युक्त ।
१०१. **नादप्रतिष्ठितः**–नाद (स्वर) को स्थापित करने वाले ।

सुरूपः सर्वनेत्राधिवासो वीरासनाश्रयः ।
पीताम्बरः खण्डरदः खण्डेन्दुकृतशेषरः ॥

१०२. **सुरूपः**–सुन्दर रूप वाले ।
१०३. **सर्वनेत्राधिवासः**–सभी के नेत्रों में निवास करने वाले ।
१०४. **वीरासनाश्रयः**–वीरासन का आश्रय लेने वाले या वीरासन पर बैठने वाले ।
१०५. **पीताम्बरः**–पीला वस्त्र धारण करने वाले ।
१०६. **खण्डरदः**–एक दाँत के खण्डित होने से ।
१०७. **खण्डेन्दुकृतशेषरः**–अर्द्धचन्द्र को धारण करने वाले ।

९६१. योगिनी वृन्दवन्दितः
९६२. अष्टपष्टि
९६३. महातीर्थ
९६४. क्षेत्र
९६५. भैरव
९६६. भावन
९६७. चतुर्नवति
९६८. मन्त्रात्मा
९६९. षण्णवत्यधिक प्रभुः
९७०. शतानन्दः
९७१. शतधृति
९७२. शतपत्रायतेक्षणः
९७३. शतनीकः
९७४. शतमुखः
९७५. शतधाराधरायुधः
९७६. सहस्रपत्रनिलयः

९७७. सहस्रफणभूषणः
९७८. सहस्रशीर्षापुरुष
९७९. सहस्राक्ष
९८०. सहस्रपात्
९८१. सहस्रनामसंस्तुस्यः
९८२. सहस्राक्षबलापहः
९८३. दशसाहस्रफणभृत-
फणिराजकृतासनः
९८४. अष्टशीतसहस्राद्य
९८५. महर्षिस्तोत्रयन्त्रितः
९८६. लक्षाधीशप्रियाधारो
९८७. लक्षाधारमनोमयः
९८८. चतुर्लक्षजपप्रीतश्च
९८९. चर्तुलक्षप्रकाशितः
९९०. चतुरशीतिलक्षाणां
९९१. जीवानां
९९२. देहसंस्थितः
९९३. कोटिसूर्यप्रतीकाशः
९९४. कोटिचन्द्रांशुनिर्मलः
९९५. शिवाभवाध्युष्टकोटि
९९६. विनायकधुरंधरः
९९७. सप्तकोटि महामन्त्र-
मन्त्रितावयवद्युतिः
९९८. त्रयस्त्रिंशत्कोटि-
सुरश्रेणी
९९९. प्रणतं
१०००.पादुकः
१००१.अनन्तनामनन्तश्री-
रत्नन्तानन्तसौख्यदः
१००२.ॐ इतिवैयानकं -
नामनां सहस्रमिदमीरितम्

(इति श्रीवैनायकनाम्नां सहस्रमिदमीरितम्)

गणेश चतुर्थी क्यों मनाई जाती है ?

जय गणपति, गणनायक जय है ! जन-मन मंगल त्राता,
एक रदन, गजवदन, विनायक, चतुर्थी के दिन आता ॥

भगवान श्री गणेश का जन्म शिव पुराण के अनुसार भाद्रपद मास की शुक्ल पक्ष चतुर्थी को रात्रि के प्रथम प्रहर में हुआ था जो गणेश चतुर्थी कहलाती है । भगवान शिव ने जब त्रिशूल से बाल गणेश का सिर छेदन कर दिया था तब पार्वती द्वारा उत्पन्न शक्तियों ने प्रलय मचा दिया था । किन्तु उसी समय भगवान विष्णु ने हाथी के शिशु का सिर जोड़कर गणेश को जीवित कर दिया था तो पार्वती जी प्रसन्न हो गई थीं । शिवजी ने गणेशजी को अनेक वर दिये थे जिनके अनुसार वे देवों के देव, सर्वप्रथम पूज्य, विघ्न विनाशक और मंगल व सिद्धि प्रदाता बने ।

तभी शिवजी ने गणेश जी को यह वर भी दिया था कि जो व्यक्ति तुम्हारी जन्मतिथि अर्थात् गणेश चतुर्थी से व्रत प्रारम्भ करके प्रत्येक मास की इस तिथि को तुम्हारा पूजन और व्रत करेगा, उसे सभी सिद्धियाँ प्राप्त होंगी । शिव कहते हैं कि जो मानव गणेश चतुर्थी के दिन श्रद्धा, विश्वास और भक्ति से श्री गणेश को प्रसन्न करने के लिए व्रत-उपवास करेगा, सहस्त्रनाम से विधिपूर्वक पूजा करेगा, उसके सभी विघ्न सदा के लिए नाश हो जायेंगे । उसके कार्य सिद्ध होते रहेंगे ।

गणेश चतुर्थी व्रत का फल

उपवास के फल बताते हुए स्वयं भगवान शिव आगे कहते हैं कि सभी के लिए यह फलदायक है। इस व्रत को करने वाले की इच्छाएँ पूर्ण होती हैं।

गणेश जी के पूजन का दिन गणेश चतुर्थी बताया गया है जो कि भाद्रपद मास की शुक्ल पक्ष में आती है।

गणेश जी को पुत्ररूप में पाने के लिए पार्वती जी ने ब्रह्मा का ध्यान किया था और कठोर तप किया था। वे बारह वर्ष तक एकाक्षरी गणपति मन्त्र का जाप करती रही थीं। उसी से प्रसन्न होकर गणेश जी प्रकट हुए और पुत्र रूप में प्राप्त हुए।

गणेश चतुर्थी गणपति की तिथि है। इस दिन गणपति की मूर्ति की श्रद्धा व भक्ति के साथ पूजा और सहस्त्रनाम जप करते हुए उनकी साधना करें, आराधना करें। ऐसा करने से गणेश चतुर्थी फलदायिनी सिद्ध होगी।

सभी पुराणों में सभी तिथियों के वर्णन मिलते हैं। जैसे एकादशी व्रत, पूर्णमासी व्रत, सप्तमी व्रत, अष्टमी व्रत आदि। किन्तु सर्वाधिक फलदायिनी पवित्र तिथि चतुर्थी है। इस तिथि को वरदान दिया था कि जो कोई निराहार रहकर इस दिन व्रत करेगा उसके सब कार्य सिद्ध होंगे। अतः प्रत्येक मास की कृष्ण और शुक्ल पक्ष की चतुर्थी को व्रत रखकर गणपति गणेश जी की पूजा-अर्चना करनी चाहिए।

स्त्रियों को प्रत्येक चतुर्थी का व्रत या कम से कम भाद्रपद शुक्ल चतुर्थी, कार्तिक कृष्ण चतुर्थी, माघ कृष्ण चतुर्थी का व्रत अवश्य करना चाहिये जिन्हें क्रमशः वहुला चौथ, करवा चौथ और तिल चौथ या संकट चौथ कहते हैं। इस दिन पूजा कर गणेश सहस्त्रनाम के पाठ से स्त्रियों को अखण्ड सौभाग्य की प्राप्ति होती है।

व्रत-उपवास की विधि

(बहुला चौथ, करवा चौथ, तिल चौथ)

१. गणेश चतुर्थी या बहुला चौथ–भाद्रपद शुक्ल चतुर्थी।
२. करवा चौथ–कार्तिक कृष्ण चतुर्थी।
३. तिल चौथ या संकट चौथ–माघ कृष्ण चतुर्थी।

उपरोक्त तीनों चतुर्थी के व्रत-विधान एक समान हैं। व्रत उपवास करने वाले स्त्री या पुरुष प्रातः काल ब्रह्म मुहूर्त में नित्यकर्म से निवृत्त हो पुस्तक में अग्रर्णित विधि से श्रीगणेश का पूजन कर दिन भर गणेश सहस्त्रनाम का पाठ करें तथा गणेश जी के समक्ष निम्नानुसार प्रसाद रखें।

१. गणेश चतुर्थी के दिन–चूरमे के लड्डू (आटे, घृत व शक्कर से निर्मित)
२. करवा चौथ–दस दीपक (करवे) पकवान से भरें।
३. तिल चौथ–गुड़ व तिल्ली से निर्मित लड्डू।

फिर गणेश जी को अर्घ्य दें, चतुर्थी तिथि को अर्घ्य दें,

बाद में चन्द्रमा को अर्घ्य दें। चन्द्रमा को सात बार अर्घ्य दिया जाता है। अर्घ्य के बाद गणेश जी को प्रणाम कर अपने पति की मंगल कामना कर पति के दर्शन करें। फिर ब्राह्मणों को भोजन कराएँ एवं दक्षिणा देकर स्वयं भोजन करें। यही चतुर्थी व्रत की विधि है।

उपरोक्तानुसार व्रत करने से स्त्रियों को निम्नलिखित फल की प्राप्ति होती है।

१. पति के सुख-सौभाग्य में वृद्धि होती है।
२. धन चाहने वालों को धन की प्राप्ति होती है।
३. पुत्र की मनोकामना पूर्ण होती है।
४. रोगी रोगमुक्त हो जाते हैं।
५. कुँवारी कन्या को सुयोग्य पति की प्राप्ति होती है।
६. सुख चाहने वालों को सुख मिलता है और सभी कामनाएँ पूर्ण होती हैं।

बारहमासी गणेश चौथ व्रत कथा

श्री गणेश चौथ के व्रत कामनाओं की सिद्धि तथा विनाशक होते हैं । यह व्रत हर माह की कृष्ण पक्ष की चतुर्थी को होता है । इन व्रतों में भादों कृष्ण पक्ष की चौथ (डंडा चौथ) कार्तिक मास की करवा चौथ तथा माघ मास की माघी चौथ तो बहुत ही महत्त्वपूर्ण है । इन व्रतों में चन्द्र दर्शन के बाद ही आहार किया जाता है ।

१. चैत्र मास गणेश चौथ व्रत कथा

पार्वतीजी ने गणेशजी से प्रश्न किया कि चैत्र मास की चौथ को किस गणेश का पूजन करना चाहिये । गणेशजी बोले–मातेश्वरी ! इस दिन विकट नामक गणेश का पूजन करना चाहिये । व्रत करके पंचगव्य (गोदुग्ध, गोमूत्र, गोबर, गोघृत, गोदधि) लेवें । गणेशजी का पूजन करें, घी तथा बिजौरा की हवन में आहुति देवें । ऐसा करने से संकटों का नाश होता है तथा बाँझ स्त्री को भी पुत्र हो जाता है । सतयुग में कमरध्वज नामक एक राजा था । वह अपनी प्रजा का पुत्र के समान पालन करता था । उसके राज्य में कोई दुःखी नहीं था । महर्षि याज्ञवल्क्य के आशीर्वाद से उस राजा के एक सुन्दर लड़का पैदा हुआ ।

राजा ने राज्य का कार्य अपने मंत्री को सौंप कर बच्चे का पालन-पोषण स्वयं प्रारम्भ कर दिया । मंत्री के पाँच पुत्र थे, उसने सबका विवाह कर दिया । पाँचों बहुओं में सबसे छोटी बहू धर्मात्मा और श्रद्धालु थी । उसने चैत्र की चौथ को गणेश का पूजन और व्रत किया । उसकी सास ने उसे मना किया तो भी उसने पूजन और व्रत को त्यागा नहीं । तब सास ने कहा कि दुष्टा हमारे घर का नाश करने आई है । सास ने उसे मारा-पीटा । इस पर भी बहू ने अपना पूजन बन्द नहीं किया । तब सास ने अपने छोटे बेटे से कहा कि यह तेरी बहू मेरा कहा नहीं मानती है तथा पाखण्ड और ढोंग मचा रही है । यह कौन सा गणेश है जिसकी यह पूजा करती है । माता के बहकाने से बेटे ने अपनी बहू को बहुत मारा-पीटा किन्तु बहू ने सारे कष्ट और

दुःख सहकर श्री गणेश का व्रत और पूजन नहीं छोड़ा । बहू ने व्रत पूजन के बाद बड़ी श्रद्धा के साथ गणेश भगवान से प्रार्थना की कि मेरे पति सास और श्वसुर के हृदय में अपनी भक्ति भावना उत्पन्न कर दो, जिससे वह मुझे सताना छोड़ दें । दूसरे ही दिन श्री गणेशजी ने अपनी माया से राजा के पुत्र को धर्मपाल के घर में छिपा दिया और राजकुमार के कपड़े और आभूषण राजभवन में डाल दिये । राजकुमार के खो जाने पर राजा बड़ा व्याकुल हुआ । राजा ने मंत्री तथा अन्य सारे राज्य कर्मचारियों को बुलाकर राजकुमार को ढूँढने और उसका पता लगाने का आदेश दिया । सारे नगरों, गाँवों, जंगलों और उद्यानों में उसे ढूंढा लेकिन राजकुमार का कहीं भी पता नहीं लगा । मंत्री एवं दूतों ने निराश हो राजा से कहा–कि सब जगह ढूँढने पर कहीं भी राजकुमार का पता नहीं लग सका है । इस पर राजा ने मंत्री धर्मपाल से कहा कि अगर राजकुमार का पता नहीं लगा तो तुम्हारे सारे परिवार को मौत के घाट उतार दिया जावेगा । राजा के वचन सुनकर मंत्री बड़ा दुःखित हुआ । उसने घर जाकर परिवार को एकत्रित कर कहा कि राजकुमार के न मिलने से हम सबका वध कर दिया जायेगा । अब हमारी रक्षा का कोई उपाय नहीं है ।

सबको दुःखी देखकर छोटी बहू ने कहा पिताजी आप लोगों ने गणेश पूजन में विध्न डाला था इसलिये यह उन्हीं का कोप हआ है । यदि आप और हम सब मिलकर विधि विधान सहित गणेशी का व्रत और पूजन करें तो गणेशजी का कोप शान्त हो जायेगा और राजकुमार भी मिल जायेगा । धर्मपाल ने बहू से कहा कि तू ही धन्य है तू ही हमारे वंश की रक्षा करने वाली है । तू जैसे कहे वैसे करने को उद्यत हैं । बहू के कहने पर सबने बड़ी श्रद्धा और लगन के साथ कष्ट नाशिनी चौथ का व्रत और पूजन किया व्रत और पूजन के प्रभाव से गणेशजी प्रसन्न हो गये और उनका कोप भी शाँत हो गया । जिससे राजकुमार प्रकट हो गये । इसलिए इस व्रत से बढ़कर और कोई दूसरा व्रत नहीं है ।

२. वैशाख मास गणेश चौथ व्रत कथा

पार्वतीजी नै अपने पुत्र गणेशजी से कहा कि हे वत्स ! वैशाख

महीने की चौथ को किसका व्रत और पूजन करना चाहिये गणेशजी ने कहा–हे जननी ! वैशाख मास की चतुर्थी को वक्रतुण्ड गणेश का व्रत और पूजन करना चाहिये और कमल गट्टे से बनी भोजन सामग्री प्रयोग में लानी चाहिये । इस तिथि के व्रत की एक कथा मैं सुनाता हूं । पहले समय में राजा रन्तिदेव के राज्य में धर्मकेतु नामक एक ब्राह्मण रहता था । उसके सुशीला और चंचला दो स्त्रियां थीं धार्मिक विचारों वाली सुशीला सदा व्रत और उपवास किया करती थी किन्तु चंचला कभी व्रत, उपवास नहीं करती थी । सदा शृंगार कर सुन्दर बनी रहती थी । उसके एक पुत्र हुआ और सुशीला के सुन्दर कन्या हुई । चंचला ने पुत्र की खुशी में प्रसन्न हो सुशीला से कहा तू सदा व्रत उपवास करती रहती है फिर भी तेरे कन्या उत्पन्न हुई और मैं कभी भी व्रत उपवास नहीं करती फिर भी मेरे सुन्दर पुत्र उत्पन्न हुआ है । अपनी सौतन के मुख से यह बात सुनकर सुशीला बहुत दुःखी हुई और बड़ी श्रद्धा और भक्ति से गणेश जी की स्तुति करने लगी उसकी भक्ति से प्रसन्न होकर गणेशजी ने उसे स्वप्न में दर्शन दिये और कहा–कि तेरी कन्या के मुंह से मोती आदि रत्न निकला करेंगे और बहुत शीघ्र तेरे सुन्दर पुत्र उत्पन्न होगा । थोड़े समय बाद सुशीला के पुत्र उत्पन्न हुआ और कन्या के मुंह से रत्न निकलने लगे । इस प्रकार सुशीला धनवान बन गई । धर्मकेतु कुछ समय बाद मृत्यु को प्राप्त हुआ । ब्राह्मण की मृत्यु के बाद चंचला घर की सब सम्पत्ति लेकर अलग हो गई । अपनी सौत सुशीला के घर में अपार धन देखकर चंचला ईर्ष्या करने लगी ।

चंचला ने अवसर पाकर सुशीला की कन्या को कुएँ में गिरा दिया । गणेशजी की कृपा से वह कुएँ से बाहर आकर अपने घर पर आ गई । कन्या को घर पर आई हुई देखकर चंचला को बड़ा कौतुहल हुआ । गणेशजी की कृपा से यह फल जानकर वह सुशीला के चरणों में गिर पड़ी और अपने किये पापों के लिये उससे कहा–हे बहन ! मुझे क्षमा करो, मैंने पाप किये हैं तू दयालु है । दोनों कुलों का उद्धार करने वाली है । तुम्हारे ऊपर गणेशजी की पूर्ण कृपा है अतः तुम्हें कोई कष्ट नहीं पहुँचा सकता । हे जननी ! प्राचीनकाल की कथा मैंने

तुम्हें सुना दी है, सो यह व्रत बहुत पुण्य देने वाला है ।

३. ज्येष्ठ मास गणेश चौथ व्रत कथा

श्री पार्वती ने अपने पुत्र गणेशजी से पूछा कि हे वत्स ! ज्येष्ठ के महीने में चतुर्थी को किसका व्रत और पूजन करना चाहिये ? श्री गणेशजी ने कहा कि ज्येष्ठ मास की चतुर्थी को मुषदन्त गणेश की पूजा और व्रत करना चाहिये यह चतुर्थी का व्रत और पूजा सौभाग्य को बढ़ाने वाला है । इस दिन घी से बने सामान का भोग लगाना चाहिये । प्राचीनकाल की इस व्रत की कथा को कहता हूं सो सुनो । बहुत समय पहले पृथु राजा के शासन काल में एक ब्राह्मण रहता था उसका नाम जयदेव था । उसके चार बेटे थे उन चारों की चार बहुएं थीं बड़ी बहू बचपन से ही यह व्रत करती थी । जब ज्येष्ठ का महीना आया तो बड़ी बहू ने अपनी सास से कहा कि मैं सदा से यह व्रत करती हूं इसलिये मुझे यह व्रत करने की आज्ञा देवें । बहू की इस बात को उसके श्वसुर ने सुन लिया । श्वसुर बोला कि बहू यह उम्र खाने पीने की है, इस उम्र में व्रत नहीं करना चाहिये, श्वसुर के कहने से बहू ने व्रत नहीं किया । कुछ समय बाद उस बहू के पुत्र हुआ । पुत्र के विवाह योग्य होने पर उसके माता पिता ने उसका विवाह रचाया । व्रत के टूट जाने से गणेशजी रुष्ट हो गये थे और विवाह के बाद पुत्र का अपहरण हो गया । पुत्र को न पाकर सब ओर हाहाकार मच गया । पुत्र की माता भी विलाप करके अपने श्वसुर से बोली कि आप ने मेरा व्रत छुड़ा दिया इससे कुपित होकर गणेशजी ने मेरे पुत्र का हरण कर लिया है । यह सुनकर उसका श्वसुर भी बहुत दुःखी हुआ । अब तो हर मास की चौथ को गणेशजी का व्रत सब लोगों ने करना आरम्भ कर दिया, कछ समय बाद गणेशजी एक गरीब ब्राह्मण के रूप में भिक्षा मांगने घर पर आये । भिक्षा मांगने पर जयदेव की बहू ने ब्राह्मण का पूजन सत्कार कर पेट भर उसे भोजन कराया, उसकी श्रद्धापूर्वक सेवा भावना से गणेशजी प्रसन्न हो गये और बोले मैं तुम्हारे पर बहुत प्रसन्न हूं । इच्छित वर मांगो जयदेव की पौत्र बहू ने हाथ जोड़कर प्रार्थना की कि यदि हमारे ऊपर आप प्रसन्न हैं तो विवाह के तत्काल बाद खोये हुए मेरे पति को दिलाकर मुझे सौभाग्य प्रदान

करें । ब्राह्मण ने कहा कि तुझ पतिव्रता नारी की इच्छा शीघ्र पूर्ण होगी । कुछ दिनों बाद उसका पति घर पर आ गया । जयदेव की पौत्र बहू ने अपने पति को पाकर प्रसन्नता के साथ व्रत पूजन तथा माँगलिक कार्य सम्पन्न किए दोनों लोकों को कल्याण तथा सुख समृद्धि और सौभाग्य चाहने वालों को यह व्रत अवश्य करना चाहिए ।

४. आषाढ़मास गणेश चौथ व्रत कथा

पार्वतीजी ने अपने पुत्र से पूछा–कि हे वत्स ! आषाढ़ महीने की चतुर्थी को किसका व्रत पूजन करना चाहिये । श्री गणेशजी ने कहा कि आषाढ़ मास की चतुर्थी को लम्बोदर गणेश का पूजन करना चाहिये । इस व्रत की पूर्व-काल की कथा सुनाता हूँ, सो सुनो । प्राचीन समय में महिष्मती नामक नगरी में महीतीज नाम का राजा धर्मपूर्वक प्रजा पर शासन करता था । उसके एक भी सन्तान नहीं थी । सन्तान प्राप्ति के लिए उसने अनेक जप तप दान पुण्य किये किन्तु वृद्धावस्था तक पुत्र नहीं हुआ । तब राजा ने अपने राज्य के विद्वान् ब्राह्मणों तथा प्रजा लोगों को बुलाकर कहा कि हे विद्वानों तथा प्रजाजनों ! मैंने न्यायपूर्वक धर्माचरण के साथ निष्पक्ष भाव से प्रजा का पालन किया है किसी के साथ अन्याय न करते हुए पृथ्वी का ठीक प्रकार शासन किया है किन्तु मेरे सन्तान नहीं है, सन्तान प्राप्ति के लिए क्या करूं ।

लोमश ऋषि के कहने पर आषाढ़ मास की चौथ के व्रत के बाद रानी सुदक्षिणा के गर्भ धारण हुआ और दसवें मास उनके सुन्दर पुत्र रत्न हुआ । राजा ने पुत्र की खुशी से राज्य में बड़ा उत्सव मनाया निर्धन, दीन, हीनों को बहुत धन दिया गया । विद्वान् ब्राह्मणों को सत्कार पूर्वक द्रव्य भेंट किया गया । इस प्रकार सारे राज्य में राजा और प्रजा दोनों प्रसन्न हुए ।

जो मनुष्य भक्तिपूर्वक श्री गणेश का चौथ का व्रत करता है, वह संकट से छूटकर अत्यन्त सुख प्राप्त करता है ।

५. श्रावण मास गणेश चौथ व्रत कथा

ऋषि ने स्वामी कार्तिकेय से पूछा कि समस्त दुःखों से छुड़ाने

वाला सुख सम्पत्ति और सौभाग्य बढ़ाने वाला कौन सा व्रत है । स्वामी कार्तिकेय ने कहा कि अनन्त पुण्य को देने वाला दुःख दरिद्रता को दूर करने वाला संतान और भाग्य को बढ़ाने वाला श्रावण मास की चतुर्थी का व्रत है । पहले समय में युधिष्ठर के पूछने पर श्री कृष्णजी ने जिस व्रत के लिए कहा उसका वर्णन करता हूँ सो सुनो । पुरातन समय में पार्वती ने पति की कामना से तप किया किन्तु शिवजी पर उनके तप का कोई प्रभाव नहीं हुआ । तब पार्वती ने श्री गणेश का ध्यान करके विनय की श्री गणेशजी ने आकर दर्शन दिये । श्री पार्वतीजी ने कहा कि मैंने शिवजी को पति के रूप में प्राप्त करने के लिये भयंकर तपस्या की किन्तु शिवजी मेरी तपस्या से प्रसन्न नहीं हुए । हे विध्न नाशक ! मुझे ऐसे व्रत का विधान कहिए जिसके करने से श्री शिवजी पति के रूप में मुझे प्राप्त होवें । श्री गणेशजी बोले हे मातेश्वरी ! श्रावण मास की चतुर्थी के दिन निराहर रहें और मेरा व्रत करके उदय होते हुए चन्द्रमा की पूजा करें । षोडशोपचार के पश्चात् १५ लड्डू गणेशजी को अर्पित करें । शेष लड्डू में से पाँच लड्डू दक्षिणा ब्राह्मण को अर्पित करें । पाँच लड्डू अर्ध चन्द्रमा को अर्पित करें और पाँच लड्डुओं को स्वयं खावें । अधिक खर्च न करना चाहें तो वही भोग लगाकर दही के साथ भोजन करें । श्रद्धा भक्ति के साथ प्रार्थना कर गणेशजी का विसर्जन करें । पण्डित विद्वान् ब्राह्मण को अन्न वस्त्र दक्षिणा आदि देकर अभिवादन कर उन्हें विदा करें । यह व्रत सदा ही अथवा कम से कम वर्ष भर अवश्य करें । एक वर्ष पूरा होने के बाद श्रावण कृष्ण चतुर्थी को व्रत का उद्यापन करें । जिसमें १०८ लड्डू रखें । कदलीफल आदि के द्वारा सुन्दर युक्त मंडप का निर्माण करें । पुरोहित ब्राह्मण की पत्नी को बुलाकर यथा शक्ति दक्षिणा देवें । इस प्रकार लोमश ऋषि ने विद्वानों को सम्बोधित कर कहा यदि राजा आषाढ़ मास की चौथ को लम्बोदर संकटहर्ता श्री गणेशजी का विधिपूर्वक पूजन और व्रत करें तो उनके निश्चयपूर्वक सन्तान होगी, लोमश ऋषि के वचन सुनकर राजा ने विद्वानों तथा प्रजाजनों का यथोचित सत्कार कर विनीत भाव से विदा दी । राजा ने बड़ी भक्ति भाव से चौथ का व्रत करना आरम्भ कर दिया । कुछ दिनों पत्नी

पृथक्-पृथक् वस्त्र अन्न पात्र आदि दक्षिणा के साथ देवें । पार्वती ने श्री गणेशजी द्वारा बताये हुए व्रत का विधि विधान के साथ बड़ी श्रद्धा के साथ वर्ष भर व्रत किया । इससे उन्हें पति के रूप में श्री शंकरजी प्राप्त हुए । हे राजन् ! यह व्रत संकटहर्ता है । इस व्रत को श्री युधिष्ठिर जी ने श्रीकृष्णजी के कहने से किया था जिससे उन्हें अखण्ड चक्रवर्ती राज्य प्राप्त हुआ ।

यह धर्म, अर्थ, काम, मोक्ष का देने वाला है । जो इस व्रत को करता है, उसकी समस्त कामनाएँ पूर्ण होकर वह अत्यन्त सुख भोगता है ।

६. भाद्रपदमास गणेश चौथ व्रत कथा

श्री पार्वती ने कहा–हे वत्स ! भाद्रपद मास की चतुर्थी को कौन-सा व्रत करना चाहिए सो कहिए ! श्री गणेशजी ने कहा हे माता ! भादों मास की चतुर्थी को व्रत महान् पुण्य को देने वाला है । यह सब प्रकार के दुःखों से रक्षा करने वाला है । इसे पूर्व विधि से करना चाहिए । मेरे इन विनायक, एकदन्त, कृष्णपिंग, गजानन्द, लम्बोदर, मालचंद, हेरम्ब, विकट, वक्रतुण्ड, आखुरथ, विघ्नराज, गणाधिप बारह नामों से बारह मास तक चन्द्रमा के उदय होने पर पूजा करें । इस व्रत की कथा का वर्णन करता हूँ सो सुनो ! पुरातन काल में अत्यन्त श्रेष्ठ नल नामक राजा था । उसके दमयन्ती नाम की रानी थी । भाग्यवशात् राजा और रानी राज्यभ्रष्ट हो गये और अनेकों दुःखों से पीड़ित होकर जंगल में विचरण करने लगे । दुःख के कारण एक दिन राजा नल अपनी रानी दमयन्ती को अकेले में सोती छोड़ कर चले गये । तब दमयन्ती ने इस व्रत को किया, जिससे उसे पुनः राजा नल प्राप्त हो गये । पार्वतीजी ने कहा–कि हे पुत्र ! रानी दमयन्ती ने इस व्रत को किस विधि से किया सो कहें । श्री गणेशजी ने कहा–माता, राजा नल पर जब विपत्ति आई तो सारा राज्य का खजाना खाली हो गया । राजा ने जुए में सब खो दिया । हाथी-घोड़े सब छिन गये । तब राजा नल और दमयन्ती असहाय अवस्था को प्राप्त होकर जंगल को चले गये । वहां पर दैव वश राजा और रानी भी बिछुड़ गये । राजा रानी अलग-अलग घूमने लगे । विचरण करते हुए एक समय

दमयन्ती को ऋषि शरभंग के दर्शन हुए। ऋषि शरभंग को दमयन्ती ने हाथ जोड़कर प्रणाम किया और विनम्र भाव से प्रार्थना की कि हे महर्षि ! मेरे पति को मुझसे वियोग हो गया है। मैं अपने पति से पुनः किस प्रकार मिल सकूं, ऐसा कोई उपाय बतायें। महर्षि शरभंग बोले–देवी तुम बड़ी श्रद्धा और भक्ति से भादों मास की चतुर्थी का व्रत किया करो। इस व्रत के प्रभाव से तुम्हारे पति तुम्हें वापिस मिल जायेगा। गणेशजी बोले–हे माता ! महर्षि शरभंग के कहने पर दमयन्ती ने भादों मास की चतुर्थी को व्रत आरम्भ कर दिया। व्रत के प्रभाव से रानी का पति प्राप्त हो गये। राजा नल और उनकी रानी दमयन्ती पुनः अपना राज्य प्राप्त कर सुखपूर्वक रहने लगे। श्रीकृष्णजी ने कहा धर्मराज ! तुम भी यह व्रत करके गणेशजी की कृपा से अपना राज्य प्राप्त कर सुखपूर्वक रहो। यह व्रत संकट तथा दुःखों को दूर कर समस्त सुख देने वाला है।

७. आश्विनमास गणेश चौथ व्रत कथा

धर्मराज श्री युधिष्ठिरजी ने कृष्णजी से पूछा कि हे भगवान ! क्वार के महीने में चतुर्थी को कौन-सा व्रत करना चाहिए और उसकी क्या विधि है। श्रीकृष्णजी ने कहा कि धर्मराज ! पूर्वकाल में इसी प्रश्न के उत्तर में पार्वतीजी को श्री गणेशजी ने कहा था कि हे माता ! इस व्रत के दिन कृष्ण नामक गणेशजी का ध्यान व पूजन करना चाहिये। व्रतधारी को कम से कम उस दिन राग, द्वेष, काम, क्रोध आदि दोषों का त्याग कर देना चाहिए। इस दिन दूब और हल्दी मिले साकल्य से यज्ञ करना चाहिये। इस सम्बन्ध में जो कथा है वह सुनो। प्राचीनकाल में दैत्य-बाणासुर की पुत्री उषा ने स्वप्न में सुन्दर और बलिष्ठ अनिरुद्ध युवक को देखा और उस पर मोहित हो गई। नींद खुलने पर अनिरुद्ध को न पाकर वह बहुत दुःखी हुई। उसके दुःखी होने का कारण जानकर उसकी सहेली चित्रलेखा ने अनेक प्रसिद्ध मानवों के चित्र बनाये। तब अनिरुद्ध का चित्र देखकर उसने कहा कि मैंने इन्हीं को स्वप्न में देखा है। चित्रलेखा ने बताया ये तो अनिरुद्ध है जो श्रीकृष्णजी के पौत्र हैं। तब सहेली चित्रलेखा द्वारिका जाकर सायंकाल के समय अनिरुद्ध का अपहरण करके ले गई।

अनिरुद्ध के खो जाने से द्वारिका नगरी में शोक छा गया । पिता प्रद्युम्न और रुक्मिणी विलाप करने लगे । रुक्मिणी ने रोते हुए श्रीकृष्णजी से कहा कि हे नाथ अनिरुद्ध को ढूंढकर लाओ, अन्यथा मैं अपने प्राण त्याग दूंगी । रुक्मिणी के ऐसा कहने पर श्रीकृष्णजी ने उसे सांत्वना दी तथा स्वयं राजसभा में आकर महर्षि लोमश से सब वृत्तान्त कहा । महर्षि ने कहा–महाराज ! आप क्वार मास की चतुर्थी को श्री गणेशजी का व्रत करें तो आपका नाती पौत्रवधू सहित आपको प्राप्त हो जायेगा । श्रीकृष्णजी बोले–हे धर्मराज मैंने यह व्रत करके अपने पौत्र एवं पौत्रवधू को प्राप्त किया था । तुम भी विधिपूर्वक व्रत करके शत्रुओं पर विजय प्राप्त करके अखण्ड चक्रवर्ती राज्य का सुखपूर्वक उपभोग कर सकोगे । युधिष्ठिर ने ऐसा ही किया तथा कौरवों पर विजय प्राप्त की ।

८. कार्तिक मास गणेश चौथ व्रत कथा

श्री पार्वतीजी ने कहा कि हे वत्स ! उत्तम मास कार्तिक में चतुर्थी को कौन-सा व्रत करना चाहिए ? श्री गणेशजी ने कहा हे जननी ! इस दिन विकट नामक गणेशजी का पूजन करना चाहिए । इस दिन उदय होते हुए चन्द्रमा को श्रद्धापूर्वक अर्घ्य देकर भोजन करना चाहिए इस व्रत के फल की एक कथा कहता हूँ सो सुनिये । प्राचीनकाल में अगस्त्य नाम के एक तपस्वी ऋषि थे । वे समुद्र के किनारे पर कठिन तप कर रहे थे । उस स्थान से कुछ दूर पर एक पक्षी अपने अण्डों को सेह रहा था इतने में ही समुद्र में ज्वार आया और उस पक्षी के अण्डे समुद्र के बहाव में बह गये । पक्षी को समुद्र पर बड़ा क्रोध आया और उसने समुद्र को सुखाने की प्रतिज्ञा कर ली । वह अपनी चोंच से समुद्र का जल भर-भर कर बाहर डालने लगा वर्षों तक ऐसा करने पर भी जब जल नहीं सूखा तो उसने दुःखी मन से अगस्त्य ऋषि से पास जाकर प्रार्थना की कि आप अपने तपोबल से इस समुद्र को सुखा देवें क्योंकि इसने मेरे अण्डों को नष्ट किया है । महर्षि ने जल को सुखाने का वचन दे दिया । समुद्र को सुखाने की चिन्ता करते हुए उन्होंने श्री गणेशजी का स्मरण करके कार्तिक मास संकट चतुर्थी का व्रत श्रद्धा के साथ तीन महीने तक किया, महर्षि अगस्त्य के व्रत से

श्री गणेशजी प्रसन्न हो गये और वर दिया कि तुम्हारे तीन आचमन करते ही समुद्र सुख जायेगा । महर्षि अगस्त्य ने ऐसा ही किया और समुद्र सूख गया । इस व्रत के प्रभाव से अर्जुन ने भी अपने शत्रुओं पर विजय पाई थी । श्रीगणेशजी से यह कथा सुनकर श्री पार्वतीजी बड़ी आनन्दित हुईं । श्री कृष्णजी बोले–हे धर्मराज ! तुम भी इस उत्तम व्रत को करो जिससे तुम्हारे मनोरथ पूरे हों । श्रीकृष्णजी की इस प्रकार आज्ञा पाकर धर्मराज ने कार्तिक मास की संकट चतुर्थी का व्रत किया जिसके प्रभाव से उन्हें अपना खोया राज्य पुनः प्राप्त हुआ ।

९. अगहन मास गणेश चौथ व्रत कथा

श्री पार्वतीजी बोलीं–हे वत्स ! मार्गशीर्ष की चतुर्थी को कौन-सा व्रत करना चाहिये । गणेशजी ने कहा हे मातेश्वरी ! मार्गशीर्ष मास में गजानन्द नामक गणेश का व्रत करना चाहिए उस दिन निराहार रहकर चन्द्रोदय होने पर चन्द्रमा को अर्घ्य प्रदान करें । दिन में जौ, तिल, चावल के साकल्य से हवन करें और अर्घ्य देने के बाद भोजन करें । इस व्रत में कथा को पढ़ें अथवा सुनानी चाहिए । त्रेतायुग में महाराज दशरथ को श्रवणकुमार के पिता ने श्राप दिया था कि जैसे तुमने मेरे पुत्र को मारकर पुत्र वियोग से दुखी किया है वैसे ही तुम भी पुत्र के वियोग में तड़पकर करोगे महाराज दशरथ को पुत्र न होने से उन्होंने पुत्रेष्टि यज्ञ किया जिससे चार पुत्र उत्पन्न हुए । सबसे बड़े का नाम राम था उनका विवाह सीताजी से हुआ था पिता की आज्ञा से राम को चौदह वर्ष का वनवास हुआ । उसके साथ सीता और लक्ष्मण भी गये । एक दिन रावण सीता का हरण कर ले गया । सीता के वियोग में दुखी होकर राम ढूंढ़ते हुए हुए ऋष्यमूक नामक पर्वत पर पहुंच गये वहां के राजा सुग्रीव से उन्होंने मित्रता की जिसने वानरों के साथ हनुमानजी को सीता को ढूंढने के कार्य में लगा दिया । सब वानर चारों ओर सीताजी की खोजन करने लगे । वन में घूमते हुए वानरों को सम्पाती मिला । सम्पाती से पूछा कि तुम कौन हो और इधर क्यों आये हो सब वानरों ने रावण द्वारा सीता का अपहरण और सीता की रक्षा में जटायु द्वारा अपने प्राण त्याग की घटना सुनाई । सम्पाती ने कहा कि मुझे दिव्य दृष्टि प्राप्त है । मुझे समुद्र के पार

राक्षसों की लंका नगरी में अशोक वृक्ष के नीचे बैठी हुई सीताजी दिखलाई पड़ रही हैं । हनुमान राम की कृपा से सीता को वहाँ से ला सकता है । श्री हनुमानजी से कहा कि तुम मार्गशीष मास की चतुर्थी को संकट नाशक श्री गणेशजी का व्रत करो । इस व्रत के प्रभाव से आप क्षणभर में समुद्र लांघकर सीताजी को खोजकर उन्हें ला सकोगे । हनुमानजी ने श्री गणेशजी का व्रत किया और समुद्र को लांघ कर राक्षसों से युद्ध कर सीताजी को ले आए । श्रीकृष्णजी ने धर्मराज से कहा कि तुम भी इसी प्रकार श्री गणेशजी का व्रत मार्गशीष की चतुर्थी को करो जिससे शत्रुओं से अपने राज्य को प्राप्त कर सको । श्री धर्मराज ने वैसा ही किया और शत्रुओं को हराकर अपना राज्य पुनः प्राप्त कर लिया ।

१०. पौष मास गणेश चौथ व्रत कथा

पार्वतीजी ने कहा–हे पुत्र ! यह बताओ कि पौष के महीने में चतुर्थी को कौन सा व्रत करना चाहिए । श्री गणेशजी ने कहा कि हे माँ पौष की चतुर्थी को लम्बोदार नामक गणेश का व्रत करना चाहिए । इस दिन निराहार रहें और केवल गोमूत्र पीएं व खीर से हवन करें । पुरातनकाल में त्रेतायुग में रावण ने स्वर्ग के देवताओं को अपने वश में कर लिया । बालि नामक राजा को भी संध्या करते समय पीछे से पकड़ लिया । बालि ने अपने बल से रावण को अपनी काँख में दबा लिया और किष्किन्धा नामक अपनी नगरी में ले आया । वहां बालि ने अपने बलवान पुत्र अंगद को खेलने के लिए खिलौने के समान रावण को दे दिया । अंगद उसे खिलौना समझ पशु की भांति उसके गले में रस्सी बाधंकर खेलने लगा । कभी रावण को इधर कभी उधर घुमाने लगा । रावण की इस दशा को देखकर किष्किन्धा की प्रजा खूब हंसी करती थी । रावण ने इस दुःख से छुटकारा पाने के लिए अपने पितामह पुलस्त्य का स्मरण किया । पुलस्त्य ने रावण के पास पहुंच कर कहा कि तुमने मुझको क्यों याद किया है । रावण बोला–मैं बहुत दुखी हूं, मुझे सारी प्रजा धिक्कारती है । अब आप ही मेरी रक्षा करें । पुलस्त्य ने कहा–कि रावण तुझे अभिमान हो गया था । अभिमानी व्यक्ति की यही दशा होती है तूने इस बालि पर भी

अभिमान के कारण आक्रमण किया था किन्तु यह बालि देवराज इन्द्र की कृपा से उत्पन्न है । श्रीराम द्वारा इसकी मृत्यु होगी । हे दानवराज ! तुम अपने बन्धन से छुटने के लिए पौष मास की चतुर्थी को विघ्नहर्ता श्री गणेशजी का पूजन और व्रत करो । प्राचीन काल में वृषासुर वध के पाप से मुक्त होने के लिए इन्द्र ने भी इसी व्रत को किया था । हे दानवराज ! यह व्रत सबसे श्रेष्ठ व्रत है । समस्त कामनाओं को पूर्ण करने वाला है । इस प्रकार रावण को समझा कर पुलस्त्य बन को चले गये । रावण ने श्रद्धा और भक्ति के साथ गणेशजी का व्रत किया । फलस्वरूप बालि के बंधन से छूटकर अपने राज्य को प्राप्त किया और अखंड सुख का भोग किया । श्रीकृष्णजी ने कहा कि हे धर्मराज ! तुम भी इस व्रत का अनुष्ठान करो और अपने राज्य को प्राप्त करो । धर्मराज ने ऐसा ही किया जिससे राज्य को पुनः प्राप्त किया ।

११. माघ मास गणेश चौथ व्रत कथा

पार्वतीजी ने कहा कि हे वत्स माघ की चतुर्थी को किसका व्रत और पूजन करना चाहिए सो बताइये । श्री गणेशजी ने कहा कि हे जननी ! माघ मास की चतुर्थी को भालचन्द्र की षोडशोपचार करके पूजा करें पूजा के बाद तिल के लड्डू बनाकर श्री गणेशजी को भोग लगावें । प्रसाद वितरण कर इन्हीं लड्डुओं को खावें । इस व्रत की एक कथा सुनाता हूँ तो सुनो । सतयुग में महान् धर्मात्मा सत्यवादी राजा हरिश्चन्द्र राज्य करते थे । उनके राज्य में ऋषिशर्मा नामक एक ब्राह्मण रहता था । उनके एक छोटी आयु का बालक था । कुछ समय बाद ऋषिशर्मा का देहान्त हो गया । विधवा ब्राह्मणी अपने सुख के दिनों को जैसे तैसे बिताकर अपने बालक का पालन करने लगी । वह ब्राह्मणी गणेश चतुर्थी का सदा व्रत करती थी । एक दिन ब्राह्मणी का पुत्र गणेश की प्रतिमा को लेकर खेलने चला गया एक पापी कुम्हार ने किसी के कहने पर उस ब्राह्मणी के पुत्र को आवां में बंद कर आग लगा दी । बालक जब घर नहीं पहुँचा तो ब्राह्मणी विलाप करती हुई गणेशजी से प्रार्थना करने लगी–हे संकटरक्षक भक्तों की पुकार सुनने वाले गणेश मुझे मेरा पुत्र प्राप्त कराओ । मैं आपकी शरण में हूं ।

यदि मुझे पुत्र नहीं मिला तो मैं प्राण त्याग दूंगी । सवेरा होने पर जब कुम्हार ने अपना आवां देखा तो उसमें कटि पर्यन्त जल में बालक को खेलते हुए देखा तो कुम्हार को बड़ा आश्चर्य हुआ । उसने राजा हरिश्चन्द्र के पास जाकर कहा कि राजन् ! मैंने घोर पाप कर्म किया है मेरा वध किया जावे । मैंने आवां पकाने के लिए आग लगाई थी किन्तु बर्तन पके नहीं तब किसी दुष्ट ने कहा कि आवें में किसी बालक की बलि दोगे तब तुम्हारा आवां पकेगा । मैंने एक बालक को आवें में दबाकर आग लगा दी किन्तु जब आवें को खोलकर देखा तो कमर तक जल में यह बालक खड़ा हुआ खेल रहा था । यह समाचार सुनकर वहाँ ब्राह्मणी आ गई और अपने बालक को उठाकर छाती से लगा लिया । राजा ने ब्राह्मणी से पूछा हे साध्वी ! तेरा बालक अग्नि में जला क्यों नहीं ? तू ऐसा कौन-सा जप-पूजन या व्रत करती है जिसके प्रभाव से बालक जीवित है । ब्राह्मणी ने कहा–राजन् ! मैं कोई विद्या या मन्त्र आदि नहीं जानती हूँ, न कोई तप करती हूँ । मैं तो केवल दुखहर्ता गणेशजी का पूजन और व्रत करती हूँ । इसी व्रत के प्रभाव से तथा श्री गणेशजी की कृपा से मेरा पुत्र मुझे प्राप्त हो गया । राजा ने सारी प्रजा को इस व्रत के करने की आज्ञा दी, सारी प्रजा बड़ी श्रद्धा के साथ इस व्रत को करने लगी । कृष्णजी ने धर्मराज से कहा कि तुम भी इस व्रत को किया करो जिससे तुम्हारी सारी कामनाएं पूरी होवें और अपने राज्य को प्राप्त कर सुख का भोग करो । श्री युधिष्ठिर ने वैसा ही किया जिससे उनका राज्य प्राप्त हो गया ।

१२. फाल्गुनमास गणेश चौथ व्रत कथा

पार्वतीजी ने कहा हे वत्स ! फाल्गुन मास में चतुर्थी को कौन-सा व्रत और पूजन करना चाहिए सो बतलायें । गणेशजी ने कहा–हे मातेश्वरी ! फाल्गुन महीने की चतुर्थी को हरम्ब गणेश की पूजा और व्रत करना चाहिए । उस दिन हवन में गुलसरल की समिधाओं का प्रयोग करें । कनेर के फूल और खीर मिलाकर साकल्य बनावें उसको स्वाहा उच्चारण कर आहुति देवें । इसकी कथा सुनाता हूँ सो सुनो । सतयुग में युवनाश्व नामक राजा धर्म परायणता के साथ राज्य करता था । उसके राज्य में विष्णुशर्मा नामक एक विद्वान् रहता

था । उसके सात पुत्र थे । सातों पुत्र अपनी बहुओं के साथ अलग-अलग रहते थे । विष्णुशर्मा प्रतिदिन अलग-अलग पुत्रों के यहाँ भोजन कर जीवन बिताते थे । बहुयें अपने ससुर का आदर के स्थान पर तिरस्कार करती थीं । एक दिन फाल्गुन मास की चतुर्थी आई तो उस दिन गणेश चौथ का व्रत करके वह अपनी बड़ी पुत्र वधू के घर पर गया और बोला—मेरा गणेश चौथ का व्रत है, इसलिए पूजा का सामान दे दो । बड़ी बहू बोली—तुम्हारे व्यर्थ काम के लिए मुझे समय नहीं है इसी प्रकार छः बहुओं ने बारी-बारी से ससुर का अपमान किया अन्त में वह सबसे छोटी बहू के पास गया ओर गणेशजी के पूजन का सामान मांगा । बहू ने विनम्र भाव से कहा आप बैठिए मैं अभी पूजा की सामग्री आपको देती हूं । छोटी बहू पूजन का सामान लेकर आई और बहू ने श्वसुर के साथ मिलकर बड़ी श्रद्धा के साथ गणेश जी का पूजन किया छोटी बहू ने ससुर को आदरपूर्वक भोजन कराया और स्वयं भूखी रही । रात को विष्णुशर्मा को वमन हो गई और साथ ही दस्त भी होने लगे और शरीर मलमूत्र हो गया यह देखकर बहू ने अपने ससुर के वस्त्र एवं शरीर को जल से साफ किया और जागकर सारी रात ससुर की सेवा की । गणेशजी की कृपा से सवेरे ही श्वसुर की तबियत ठीक हो गई ।

गणेशजी की कृपा से छोटी बहू के घर में धन ही धन हो गया । दूसरी बहुओं ने जब छोटी बहू के घर में धन को ठाट देखा तो छोटी बहू से इसका कारण पूछा । छोटी बहू ने कहा कि मैंने फाल्गुन मास की चतुर्थी को गणेशजी का व्रत और पूजन किया । गणेशजी की कृपा का ही यह फल है । यह जानकर अन्य बहुओं ने भी यह व्रत किया और धन को प्राप्त किया । श्रीकृष्ण जी ने कहा कि हे राजन ! तुम भी यह व्रत करो जिससे तुम्हें भी उत्तम फल प्राप्त होवे । धर्मराज ने वैसे ही गणेशजी का व्रत किया जिससे उन्हें उनका राज्य प्राप्त हो गया ।

विघ्ननाशक गणपति स्तोत्र

परं धाम परं ब्रह्म परेशं परमीश्वरम् ।
विघ्ननिघ्नकरं शान्तं पुष्टं कान्तमनन्तकम् ॥
सुरासुरेन्द्रैः सिद्धेन्द्रैः स्तुतं स्तौमि परात्परम् ।
सुरपद्मदिनेशं च गणेशं मंगलायनम् ॥
इदं स्तोत्रं महापुण्यं विघ्नशोकहरं परम् ।
यः पठेत् प्रातरुत्थाय सर्वविघ्नात् प्रमुच्यते ॥

अर्थ—जो परम धाम, परब्रह्म, परेश, परम ईश्वर, विघ्नों के विनाशक, शान्त, पुष्ट, मनोहर और अनन्त है । प्रधान-प्रधान सुर, असुर और सिद्ध जिनका स्तवन करते हैं । जो देवरूपी कमल के लिए सूर्य और मंगलों के लिए आश्रय स्थान हैं । उन परात्पर गणेश की मैं स्तुति करता हूँ ।

यह उत्तम स्तोत्र महान् पुण्यमय विघ्न और शोक को हरने वाले हैं । जो प्रातःकाल इस स्तोत्र का पाठ करता है, वह सदा विघ्नों से मुक्त हो जाता है ।

पुत्र प्राप्ति के लिए
गणपति स्तोत्र

नमोऽस्तु गणनाथाय सिद्धिबुद्धियुताय च ।
सर्वप्रदाय देवाय पुत्रवृद्धिप्रदाय च ॥
गुरुदराय गुरवे गोप्त्रे गुह्यसिताय ते ।
गोप्याय गोपिताशेषभुवनाय चिदात्मने ॥
विश्वमूलाय भव्याय विश्वसृष्टिकराय ते ।
नमो नमस्ते सत्याय सत्यपूर्णाय शुण्डिने ॥
एकदन्ताय शुद्धाय सुमुखाय नमो नमः ।
प्रपन्नजनपालाय प्रणतार्तिविनाशिने ॥
शरणं भव देवेश संतति सुदृढ़ां कुरु ।
भविष्यन्ति च ये पुत्रा मत्कुले गणनायक ॥
ते सर्वे तव पूजार्थे निरताः स्युर्वरो मतः ।
पुत्रप्रदमिदं स्तोत्रं सर्वसिद्धिप्रदायकम् ॥

अर्थ—सिद्धि-बुद्धि सहित उन गणनाथ को नमस्कार है, जो पुत्रवृद्धि प्रदान करने वाले तथा सब-कुछ देने वाले देवता हैं । जो भारी पेट वाले (लम्बोदर), गुरु (ज्ञानदाता), गोप्ता (रक्षक), गुह्य (गूढ़स्वरूप) तथा सब ओर से गौर हैं । जिनका

स्वरूप और तत्व गोपनीय है तथा समस्त भुवनों के रक्षक हैं, उन चिदात्मा आप गणपति को नमस्कार है । जो विश्व के मूल कारण, कल्याण स्वरूप, संसार की सृष्टि करने वाले, सत्यरूप तथा शुण्डाकारी हैं । जिनके एक दाँत और सुन्दर मुख हैं, जो शरणागत, भक्तजनों के रक्षक तथा प्रणतजनों की पीड़ा का नाश करने वाले हैं, उन शुद्धस्वरूप आप गणपति को बारम्बार नमस्कार है । देवेश्वर ! आप मेरे लिए शरणदाता हो । मेरी संतान-परम्परा को सुदृढ़ करें । गणनायक ! मेरे कुल में जो पुत्र हो, वे सब आपकी पूजा के लिए सदा तत्पर हों । यह वर प्राप्त करना मुझे इष्ट है ।

यह पुत्रदायक स्तोत्र समस्त सिद्धियों को देने वाला है ।

लक्ष्मी प्राप्त करने के लिए गणपति स्तोत्र

ॐ नमो विघ्नराजाय सर्वसौख्यप्रदायिने ।
दुष्टरिष्टविनाशाय पराय परमात्मने ॥
लम्बोदरं महावीर्यं नागयज्ञोपशोभितम् ।
अर्धचन्द्रधरं देवं विघ्नव्यूह विनाशनम् ॥
ॐ ह्राँ ह्रीं ह्रूँ ह्रैं ह्रौं ह्रः हेरम्बाय नमो नमः ।

सर्वसिद्धिप्रदोऽसि त्वं सिद्धिबुद्धिप्रदोभव ॥
चिन्तितार्थप्रदस्त्वं हि सततं मोदकप्रियः ।
सिन्दूरारुणवस्त्रेश्च पूजितो वरदायकः ॥
इदं गणपतिस्तोत्र यः पठेद् भक्तिमान् नरः ।
तस्य देहं च गेहं च स्वयं लक्ष्मीर्न मुञ्चति ॥

अर्थ—सम्पूर्ण सुख प्रदान करने वाले सच्चिदानन्द स्वरूप विघ्नराज गणेश को नमस्कार है । जो दुष्ट अरिष्टग्रहों का नाश करने वाले परात्पर परमात्मा हैं, उन गणपति को नमस्कार है । जो महापराक्रमी, लम्बोदर, सर्पमय, यज्ञोपवीत से सुशोभित अर्धचन्द्रधारी और विघ्न व्यूह का विनाश करने वाले हैं । उन गणपतिदेव की मैं वंदना करता हूँ । ॐ ह्राँ ह्रीं ह्रूँ ह्रैं ह्रौं ह्रः हेरम्ब को नमस्कार है । भगवन् ! आप सब सिद्धियों के दाता हैं । आप हमारे लिए सिद्धि-बुद्धिदायक हैं । आपको सदा ही मोदक प्रिय है । आप मन द्वारा चिन्तित अर्थ को देने वाले हैं । सिन्दूर और लाल वस्त्र से पूजित होकर आप सदा वर प्रदान करते हैं । जो मनुष्य भक्तिभाव से युक्त हो गणपति स्तोत्र का पाठ करता है, स्वयं लक्ष्मी उसके देह-गेह को नहीं छोड़ती ।

॥ श्री गणेश चालीसा ॥

॥ दोहा ॥

जय गणपति सद्गुण सदन ।
करि वर बदन कृपाल ॥
विघ्न हरण मंगल करण ।
जय जय गिरिजालाल ॥

॥ चौपाई ॥

जय जय जय गणपति गणराजू ।
मंगल भरण करण शुभ काजू ॥
जय गज बदन सदन सुख दाता ।
विश्व विनायक बुद्धि विधाता ॥
वक्र तुण्ड शुचि शुण्ड सुहावन ।
तिलक त्रिपुण्ड भाल मन भावन ॥
राजत मणि मुक्तन उर माला ।
स्वर्ण मुकुट शिर नयनविशाला ॥
पुस्तक पाणि कुठार त्रिशूलं ।
मोदक भोग सुगन्धित फूलं ॥
सुन्दर पीताम्बर तन साजित ।
चरण पादुका मुनि मन राजित ॥
धनि शिव सुवन षड़ानन भ्राता ।

गौरी ललन विश्व विख्याता॥
ऋद्धि सिद्धि ब चंवर सुधारे ।
मूषक वाहन सोहत द्वारे॥
कहौं जन्म शुभ कथा तुम्हारी ।
अति शुचि पावन मंगल कारी॥
एक समय गिरिराज कुमारी ।
पुत्र हेतु तप कीन्हों भारी॥
भयो यज्ञ जब पूर्णा अनूपा ।
तब पहुंच्यो तुम धरि द्विज रूपा॥
अतिथि जानि के गौरी सुखारी ।
बहु विधि सेवा करी तुम्हारी॥
अति प्रसन्न ह्वै तुम वर दीन्हा ।
मातु पुत्र हित जो तप कीन्हा॥
मिलहिं पुत्र तुहि बुद्धि विशाला ।
बिना गर्भ धारण यहि काला॥
गण नायक गुण ज्ञान निधाना ।
पूजित प्रथम रूप भगवाना॥
अस कहि अन्तर्ध्यान रूप ह्वै ।
पलना पर बालक स्वरूप ह्वै॥
बनि शिशु रुदन जबहिं तुम ठाना ।
लखि मुख-सुख नहिं गौरी समाना॥
सकल मगन मुख मंगल गावहिं ।
नभ ते सुरन सुमन वर्षावहिं॥

शम्भु उमा बहुदान लुटावहिं ।
सुर मुनिजन सुत देखन आवहिं ।।
लखि अति आनन्द मंगल साजा ।
देखन भी आए शनि राजा ।।
निज अवगुण गुनि शनि मनमाहीं ।
बालक देखन चाहत नाहीं ।।
गिरिजा कछु मन भेद बढ़ायो ।
उत्सव मोर न शनि तुहि भायो ।।
कहन लगे शनि मन सकुचाई ।
का करिहौं शिशु मोहि दिखाई ।।
नहिं विश्वास उमा उर भयऊ ।
शनि सों बालक देखन कह्यउ ।।
पड़तहिं शनि दृग कोण प्रकाशा ।
बालक सिर उड़ि गयो अकाशा ।।
गिरिजागिरी विकल ह्वै धरणी ।
सो दुख दशा गयो नहिं बरणी ।।
हाहाकार मच्यो कैलाशा ।
शनि कीन्हों लखि सुत का नाशा ।।
तुरत गरुड़ चढ़ि विष्णु सिधाये ।
काटि चक्र सो गजशिर लाये ।।
बालक के धड़ ऊपर धारयो ।
प्राण मन्त्र पढ़ि शंकर डारयो ।।
नाम 'गणेश' शम्भु तब कीन्हें ।

प्रथम पूज्य बुद्धि निधि वर दीन्हें॥
बुद्धि परीक्षा जब शिव कीन्हा।
पृथ्वी कर प्रदक्षिणा लीन्हा॥
चले षडानन मरमि भुलाई।
रचे बैठि तुम बुद्धि उपाई॥
चरण मातु पितु के धर लीन्हें।
तिनके सात प्रदक्षिण कीन्हें॥
धनि गणेश कहि शिव हिय हर्ष्यो।
नभ ते सुरन सुमन बहुत वर्ष्यो॥
तुम्हारी महिमा बुद्धि बड़ाई।
शेष सहस मुख सके न गाई॥
मैं मतिहीना मलीन दुखारी।
करहुं कौन विधि विनय तुम्हारी॥
भजत 'राम सुन्दर' प्रभु दासा।
लग प्रयाग ककरा दुर्वासा॥
अब प्रभु दया दीन पर कीजे।
अपनी भक्ति शक्ति कछु दीजे॥

॥ दोहा ॥

श्री गणेश यह चालीसा, पाठ करै धर ध्यान।
नित नव मंगल गृह बसै, लहै जगत सनमान॥
सम्बन्ध अपन सहस्त्र दश, ऋषि पंचमी दिनेश।
पूरण चालीसा भयो, मंगल मूर्ति गणेश॥

॥ इति श्री गणेश चालीसा ॥

श्री गणेश जी की आरती

वक्रतुण्ड महाकाय सूर्य कोटि समप्रभ ।
निर्विघ्न कुरु मे देव सर्व कार्येषु सर्वदा ।

जय गणेश जय गणेश जय गणेश देवा ।
माता थारी पार्वती पिता महादेवा ॥
धूप चढ़े बेल चढ़े और चढ़े मेवा ।
लड्डुवन का भोग लगे सन्त करे सेवा ॥
जय गणेश जय गणेश जय गणेश देवा ।
माता थारी पार्वती पिता महादेवा ॥
एकदन्त दयावन्त चार भुजा धारी ।
मस्तक सिन्दूर सोहे मूषक की सवारी ॥
अन्धन को आंख देत कोढ़ियन को काया ।
बांझन को पुत्र देत निर्धन को माया ॥
जय गणेश जय गणेश जय गणेश देवा ।
माता थारी पार्वती पिता महादेवा ॥















डाकखर्च 5.00 प्रति पुस्तक अतिरिक्त। चार पुस्तकें एक साथ मंगवाने पर 100.00 में भेजी जायेंगी।

निकटतम बुक-शाप से खरीदें ना मिलने पर वी.पी.पी. द्वारा हमसें मंगवाए।

आहूजा प्रकाशन

महावीर मार्किट, 1528-29, नई सड़क, दिल्ली-110006